दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
वर्ष: 16 | अंक 325 | सीकर, बुधवार 21 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## डबल खुशी...
# नितिन नबीन राष्ट्रीय अध्यक्ष
## लोकेश अग्रवाल झुंझुनू नगर मंडल अध्यक्ष
### देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के बाद अब झुंझुनू में डबल अध्यक्ष की खुशी



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के अंतर्गत झुंझुनू शहर मुख्यालय पर पीरू सिंह सर्किल के पास उत्सव और उल्लास का माहौल देखने को मिला। संगठन पर्व में निर्वाचित भाजपा झुंझुनू शहर मंडल अध्यक्ष सीए लोकेश अग्रवाल की अध्यक्षता में भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष से निर्विरोध 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन के निर्वाचित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाइयाँ बाटकर एवं पटाखे फोड़कर खुशी मनाई। इस अवसर पर निर्वाचित शहर मंडल अध्यक्ष सीए लोकेश अग्रवाल ने कहा कि नितिन नबीन का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होना केवल एक पद-प्राप्ति नहीं बल्कि यह भारतीय जनता पार्टी की अनुशासित, लोकतांत्रिक और कार्यकर्ता-प्रधान परंपरा की जीत है। यह दिन भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गर्वए उत्साह और नई ऊर्जा से भर देने वाला है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक सुव्यवस्थित और अनुशासित संगठन है, जहाँ प्रत्येक कार्यकर्ता को स्पष्ट दायित्व, मार्गदर्शन और उसके कार्य का सम्मान मिलता है। नितिन नबीन को मिला यह दायित्व हर उस कार्यकर्ता के सम्मान का प्रतीक है जो धूप, बारिश और विरोध के बीच भी संगठन का झंडा मजबूती से थामे रहता है। लोकेश अग्रवाल ने कहा कि संगठन पर्व में नितिन नबीन का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा नारों से नहीं, संस्कारों से चलती है, भीड़ से नहीं बल्कि समर्पित कार्यकर्ताओं से चलती है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, भाजपा जिला महामंत्री दिलीप सैनी, जिला मीडिया प्रभारी ललित जोशी, जिला उपाध्यक्ष अनीता जांगिड़, जिला मन की बात सह-प्रमुख रवि गुप्ता, रवि लांबा, महेंद्र सोनी, ख्यालीराम कुमावत, रामनिवास सैनी, रामगोपाल महमिया, विजेंद्र हटवाल, रामचंद्र शर्मा पटोदा, शंभू नेहरा, राजेंद्र ठठेरा, अरुणा सिहाग, किरण चौधरी, मनोहर धूपिया, सौरभ पुरोहित, पारस सेन, हरीश शर्मा, उत्तम पांडे, असलम खान, मुकेश सैनी, ताराचंद सैनी, सुरेंद्र आबुसरिया, रतन चरणवासिया, मुकेश नायक, मोंटी गजराज, हनुमान सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष शौकत अली चौहान, आजम राठौड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की और संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

### नगर मंडल अध्यक्ष बनने पर भी जश्न

राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्विरोध चयन के बाद झुंझुनू में भाजपा का उत्साह उस समय और दोगुना हो गया जब संगठन द्वारा सीए लोकेश अग्रवाल को झुंझुनू नगर मंडल अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने की घोषणा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजन ने करतल ध्वनि के साथ निर्णय का स्वागत किया तथा पार्टी कार्यकर्ताओं ने लोकेश अग्रवाल को फूल-मालाएँ पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर नव निर्वाचित नगर मंडल अध्यक्ष सीए लोकेश अग्रवाल ने कहा कि पार्टी ने एक सामान्य कार्यकर्ता पर जो विश्वास जताकर यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है, उसे निभाने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की रीति-नीति और कार्य संस्कृति के अनुरूप कार्य करते हुए नगर मंडल अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता सामान्य कार्यकर्ता से लेकर संगठन के प्रत्येक पदाधिकारी के मान-सम्मान को बढ़ाना, संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करना तथा शहर की जनता को भारतीय जनता पार्टी से मजबूती से जोड़ना रहेगा।

# 45 साल के नितिन नबीन भाजपा अध्यक्ष
## साधारण कार्यकर्ता को असाधारण सम्मान मिला : नितिन नबीन
## पीएम मोदी बोले- अब वे मेरे बॉस



**नई दिल्ली।** नितिन नबीन मंगलवार को भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में उनके नाम का ऐलान किया गया। वे 14 दिसंबर 2025 को कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। सोमवार को फुल टाइम अध्यक्ष पद के लिए इकलौता नामांकन आने पर वे निर्विरोध चुने गए। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने उन्हें माला पहनाई, फिर 55 मिनट के भाषण में कहा, 'मैं बीजेपी का कार्यकर्ता हूं। मैं मानता हूं कि नितिनजी मेरे बॉस हैं। अब वे मेरे काम का आकलन करेंगे।' बतौर अध्यक्ष नितिन नबीन ने पहले भाषण में कहा, 'राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मेरा निर्वाचन एक साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा को मिला सम्मान है।

### नबीन ने 20 मिनट का भाषण दिया

**पीएम की तारीफ की:** हमने कार्यकर्ता के तौर पर पीएम मोदी के देशसेवा के काम करते हुए देखा। आपको देख कर ही सीखा है कि जो व्यक्ति खुद को लोगों की भावनाओं से जुड़ने वाला बना सकता है,वहीं बड़ा शख्स बनता है। आपने कहा था कि हम जो विकास का काम करते हैं। लोग हमसे उम्मीद करते हैं। हमसे जुड़ते हैं।

**भाजपा के नारों का जिक्र किया :** भाजपा के कार्यकर्ता कुछ नारों को जनसंघ के समय से गढ़ते थे- राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है, एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेगा। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने वह समय देखा, जब अयोध्या में राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। जम्मू-कश्मीर की जनता ने धारा 370 से मुक्ति का दौर देखा। जब हम श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा लहराते हुए देखते हैं, तो गर्व की अनुभूति होती है।

**सबसे पहले राष्ट्र :** जब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 की समाप्ति हुई, तो कश्मीर की फिजा बदली। हम राष्ट्र पहले, पार्टी बाद में, और खुद सबसे आखिर में के आदर्श पर काम करते हैं। हम ऐसे राजनीतिक दल से जुड़े हैं जहां राजनीति सत्ता नहीं, साधना है। राजनीति भोग नहीं, त्याग है। राजनीति ऐशो-आराम नहीं, तपस्या है।



## मोदी की स्पीच में बड़ी बातें

**कांग्रेस अपने पतन की जिम्मेदार:**

'आज देश को याद भी नहीं होगा कि 1984 में कांग्रेस को 400 से अधिक सीटें मिली थीं और देश ने कांग्रेस को करीब-करीब 50% वोट दिया था, लेकिन आज कांग्रेस 100 सीटों के लिए तरस गई है। कांग्रेस अपने इस घनघोर पतन की कभी समीक्षा नहीं करती, क्योंकि अगर समीक्षा करेंगे और पतन के कारणों पर जाएंगे तो उसी परिवार पर सवाल उठेंगे, जिस परिवार ने कांग्रेस पर कब्जा कर रखा है। और इसलिए बहाने ढूंढते रहते हैं। पतन का सही कारण ढूंढने की हिम्मत तक खो चुके हैं। जो कांग्रेस की बुराइयों से बचेगा, वही देश में आगे बढ़ेगा।

**घुसपैठियों को देश लूटने नहीं देगा:**

'आज देश के सामने बहुत बड़ी चुनौती घुसपैठियों की है। दुनिया के समर्थ देश भी अपने देश में घुसपैठियों की जांच पड़ताल कर रहे हैं और उनको पकड़-पकड़ कर निकाल रहे हैं। दुनिया में कोई अपने देश में घुसपैठियों को स्वीकार नहीं करता, भारत भी घुसपैठियों को अपने गरीबों, युवाओं के हक लूटने नहीं दे सकता। घुसपैठिए देश की सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है, उनकी पहचान करके उन्हें वापस उनके देश भेजना बहुत जरूरी है। इसके अलावा ऐसे राजनीतिक दल जो वोट बैंक की राजनीति में घुसपैठियों को बचा रहे हैं, उन्हें हमें पूरी शक्ति से जनता के सामने बेनकाब करना होगा।'

**महाराष्ट्र नतीजों ने बताया भाजपा पहली पसंद:**

'भाजपा सिर्फ संसद और विधानसभा की ही नहीं, बल्कि नगरपालिकाओं और नगर निगमों में भी पहली पसंद है। इसका ताजा उदाहरण महाराष्ट्र है। भाजपा, महाराष्ट्र के स्थानीय निकायों में नंबर वन पार्टी बनी है। कुल 29 में से 25 बड़े शहरों की जनता ने भाजपा-एनडीए को चुना है। कुल जितने पार्षद जीते हैं, उनमें से 50% भाजपा के हैं। ऐसे ही केरल में भाजपा के करीब 100 पार्षद हैं। ऐसे ही तिरुवनंतपुरम की जनता ने मेयर चुनाव में 45 साल बाद लेफ्ट से सत्ता छीनी और भाजपा पर भरोसा किया।'

## 29वें जिला सम्मेलन में हुई किसानों की समस्याओं पर चर्चा



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** अखिल भारतीय किसान सभा का दो दिवसीय सम्मेलन सुजानगढ़ स्थित जाट छात्रावास में गगनचुंबी इंकलाबी नारों के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर किसान सभा के संघर्षों के साथियों को याद करके दो मिनट को मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्मेलन की अध्यक्षता किसान सभा के जिलाध्यक्ष इंद्रराज, तहसील अध्यक्ष तारानगर पूर्णाराम सरावग, तहसील अध्यक्ष सुजानगढ़ तेजपाल गोदारा सचिव रामनारायण रुलानीयां ने की। किसान सभा के जिला सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक कॉमरेड पेमाराम ने कहा कि किसान सभा ने देश की आजादी दिलाने से लेकर आज तक मेहनतकश वर्ग मजदूर किसानों के अधिकारों के लड़ाई लड़ रही हैं। जिनका रोटी से वास्ता हैं, उनका किसान से रिश्ता हैं। किसान सभा की अगुवाई में वामपंथी दलों जनवादी आंदोलनों की बदौलत मनरेगा योजना देश मे लागू हुई। लेकिन साथियों आज केंद्र सरकार रोजगार की गारंटी को नेस्तनाबूद करने के लिए मनरेगा को नाम बदलने के नाम पर नरेगा खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला सम्मेलन के अवसर पर जिला प्रभारी सागर खाचरियावास, भारत की जनवादी नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष दीनदयाल गुलेरिया, राजस्थान शिक्षक शेखावत के शुभकरण चौधरी, एसएफआई जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश डूडी, सम्मेलन रिपोर्ट कमेटी के मदन जाखड़, सागर मेघवाल एवं मंच का संचालन उमराव सिंह, सुमन प्रजापत ने किया। कार्यक्रम में राज्य कमेंटी सदस्य कॉमरेड निर्मल प्रजापत चूरू इंचार्ज सागर खाचरियाए मदन जाखड़, सांवरमल मेघवाल आदि मंचस्थ रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सागर मेघवाल, सोनू, अजीतसिंह, दीनदयाल गुलेरिया, ओमप्रकाश डूडी, शुभकरण नैण, रामनारायण रूलाणिया, एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया आदि ने योगदान दिया। सम्मेलन बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहेगा।

## अगवाना खुर्द स्कूल में व्याख्याता के ट्रांसफर पर बवाल
### आरएलपी के जिलाध्यक्ष सहारण पहुंचे धरना स्थल पर



निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** उपखंड के अगवाना खुर्द गांव स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में भूगोल व्याख्याता अनिल कुमार के ट्रांसफर का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है ग्रामीणों व विद्यार्थियों का विरोध-प्रदर्शन लगातार जारी है। पिछले 8-10 दिनों से छात्र स्कूल नहीं जा पा रहे जिसके चलते बोर्ड परिक्षाओं में बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। इस मुद्दे में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की राजनीतिक एंट्री होने से मामला और गरमा गया है।

**आरएलपी ने दिया प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम**-आरएलपी नेता दिनेश सहारण सोमवार को अगवाना खुर्द पहुंचे और अभिभावकों, ग्रामीणों व स्कूल स्टाफ से मुलाकात कर पूरे प्रकरण की जानकारी ली। सहारण ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल के निर्देश पर प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अगले 24 घंटे में व्याख्याता अनिल कुमार का ट्रांसफर रद्द नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने भाजपा और भजनलाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

**शिक्षा पर संकट, समाधान की दरकार**-11 जनवरी से चल रहे धरने के चलते छात्रों का पूरा शिक्षण सत्र प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र समाधान निकालने की मांग की है ताकि बच्चे नियमित पढ़ाई पर लौट सकें। अब सभी की निगाहें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी है 24 घंटे के भीतर कोई निर्णय होगा या सूरजगढ़ में बड़ा आंदोलन देखने को मिलेगा ?

## राजीविका लखपति दीदियों के लिए कार्यशाला आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** अरबन हाट में आयोजित शेखावाटी हस्तशिल्प महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को राजीविका लखपति दीदियों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना एवं उनकी पहचान सशक्त करना रहा। कार्यशाला के दौरान महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा बैंक ऋण प्राप्त कर योजनाओं का अधिकतम लाभ कैसे उठाया जा सकता है, इस पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके साथ ही प्रतिभागी महिलाओं के लिए विभिन्न खेल एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें जागरूक एवं प्रेरित किया गया। अतिथियों ने महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने, वित्तीय साक्षरता बढ़ाने तथा समूह आधारित उद्यमों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शालिनी गोयल, जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक विकास सिहाग, राजीविका की जिला परियोजना प्रबंधक अर्चना मौर्य, पीएनबी आर्सेटी के निदेशक अशोक कालेर, शेखावाटी विश्वविद्यालय से डॉ. डी. पी सिंह, जगदीश भाटी सहित अन्य अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहें।

## तेज रफ्तार लोक परिवहन बस खाई में पलटी, 8 यात्री घायल




**खण्डेला (नवयत्न)।** मंगलवार दोपहर बाद जयपुर से झुंझुनू जा रही लोक परिवहन की बस उदयपुरवाटी रोड पर गोपी की ढाणी के पास अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में बस में सवार 8 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 4 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत राजकीय उप जिला अस्पताल, खंडेला पहुंचाया गया। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य में जुट गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बस की तेज रफ्तार हादसे का कारण मानी जा रही है। हालांकि गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही खण्डेला पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## राजीविका स्वयं सहायता समूह कार्यशाला आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक विकास सिहाग ने बताया कि राजीविका के तत्वावधान में मंगलवार को स्वयं सहायता समूहों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राजीविका की डीपीएम अर्चना मोर्य द्वारा स्वयं सहायता समूहों की कार्यप्रणाली, विपणन व्यवस्था, क्षमता संवर्धन तथा वित्तीय साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे महिला उद्यमिता को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। मेला स्थल पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीएमश्री मारू स्कूल की छात्राओं तनु दानोदिया, खुशी राणा, अंजली एवं हिताक्षी द्वारा राजस्थान के पारंपरिक लोकगीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। कार्यक्रम में विमल शर्मा उप मंडल प्रमुख पंजाब नेशनल बैंक, राकेश मोगा वरिष्ठ प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक, सरोज रोयल अध्यक्ष महिला इकाई लघु उद्योग भारती, ज्योति अग्रवाल सचिव महिला इकाई लघु उद्योग भारती, मीरा गर्ग लघु उद्योग भारती, दिनेश पुरोहित प्रधानाचार्य एवं प्रशिक्षक मिती गरिमा दीक्षित सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजवीर सिंह शेखावत द्वारा किया गया। महाप्रबंधक ने बताया कि एक जिला-एक उत्पाद योजना के अंतर्गत मेला स्थल पर 21 जनवरी 2026, बुधवार को एक वृहद एवं बहुउपयोगी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राज्य सरकार द्वारा घोषित एक जिला-एक उत्पाद नीतिए एमएसएमई नीति, राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति, विश्वकर्मा एवं उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना तथा मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के संबंध में उपस्थित उद्यमियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। मेला स्थल पर महिलाओं द्वारा घर सजावट की सामग्री, लेडीज सूट, जूट उत्पाद एवं खिलौनों की जमकर खरीदारी की गई, जबकि जोधपुर के लेदर उत्पाद एवं हस्तशिल्प सामग्री को भी आगंतुकों ने विशेष रूप से पसंद किया।

## कोबरी-सार



# खाटूश्यामजी फाल्गुन लक्खी मेला 21 से 28 फरवरी तक होगा आयोजित

## कलेक्टर व एसपी ने मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में ली बैठक



निसं

**सीकर (नवयत्न)।** बाबा खाटूश्याम का फाल्गुन लक्खी मेला 21 फरवरी से शुरू हो रहा है। फाल्गुन लक्खी मेला 21 से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा। वार्षिक फाल्गुन लक्खी मेले की तैयारी और व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, एसपी प्रवीण नायक ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मेले की व्यवस्थाओं से जुडे संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि बाबा श्याम के लक्खी मेले में आने वाले श्याम भक्तों को सुगमतापूर्वक दर्शन हो, इसके लिए सम्पूर्ण व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।

जिला कलेक्टर शर्मा ने बताया कि मेले में इस बार सरकारी प्रोटोकॉल वाले वीआईपी लोगों को छोड़कर सभी के लिए वीआईपी दर्शन व्यवस्था पूर्णतया बंद रहेगी। खाटू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुगम परिवहन कराने के लिए इस बार क्यूआर कोड जारी किया जाएगा। श्रद्धालु यह क्यूआर कोड स्कैन कर पार्किंग स्थल तक आसानी से पहुंच सकेंगे और सुगमता से बाबा श्याम के दीदार कर सकेंगे।

### ये व्यवस्था रहेगी

ई-रिक्शा चालकों के लिए अलग-अलग जोन बनाए जाएंगे और उनके सीमित संख्या में पास जारी किये जायेंगे तथा बिना पास वाले ई-रिक्शा को सीज करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि मंडा मोड एवं रींगस के खाटू मोड़ से मंदिर तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। छोटी कांच की इत्र की शीशियां बेचने वालों पर अभी से कार्रवाई की जाएगी। सभी सेक्टर में मेडिकल की मोबाइल यूनिट्स स्थापित रहेगी। अग्निशमन एवं एंबुलेंस के लिए इमरजेंसी रास्ते की व्यवस्था की जाएगी। मेले से संबंधित सभी तरह की अनुमतियां देने एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए श्याम सारथी के नाम से पोर्टल विकसित किया गया है, जिस पर सभी तरह की अनुमतियों के अप्रूवल ऑनलाइन दिए जाएंगे तथा इसी के माध्यम से मेले की समग्र मॉनिटरिंग की जाएगी। मंदिर एवं मेला परिसर में कुल 44 डिजिटल स्क्रीन्स लगाई जाएगी, जिसके माध्यम से मेले से संबंधित सभी तरह की जानकारियां इन डिजिटल स्क्रीन्स पर साजा की जाएगी। खाटू श्याम जी को जोड़ने वाली सभी अप्रोच रोड्स पर क्यूआर कोड स्कैनर्स लगाए जाएंगे जिनको स्कैन कर संबंधित रूट से आने वाले भक्तगण पार्किंग स्थल का पता कर पाएंगे। मेला अवधि के दौरान श्याम कुंड पूर्णतया बंद रहेगा, मेला अवधि में डीजे पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। बैठक में मंदिर को जोड़ने वाली सभी सड़कों का मरम्मत एवं पेचवर्क का कार्य मेले से पूर्व पूर्ण करने, 52 बीघा पार्किंग में सिस्टमैटिक तरीके से वाहनों की पार्किंग करने, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सड़कों एवं पार्किंग से संबंधित स्थलों की जॉइंट विजिट कर आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने, चौंमू पुरोहितान में 90 डिग्री कट वाले ब्लैक स्पॉट को दुरुस्त करने, मंदिर कमेटी द्वारा सभी मुख्य मार्गों पर लाइटिंग की व्यवस्था करने, आरएसआरडीसी को नया कंस्ट्रक्शन स्टार्ट नहीं करने, मेला परिसर में सीसीटीवी इंस्टॉल करने, बड़े वाहनों के बजाय आवश्यक सामान के परिवहन के लिए छोटे वाहनों के पास जारी करने, घरेलू सिलेंडर उपयोग होने पर संबंधित पर कार्यवाही करने, मेडिकल कैंप्स लगाने, ई-रिक्शा के सीमित संख्या में पास जारी करने तथा जिस व्यक्ति के नाम से ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन है उसी का पास जारी करने एवं किराया सूची चस्पा करने, प्रत्येक पार्किंग में अग्निशमन की व्यवस्था करने, सीकर रोडवेज डिपो द्वारा 200 से अधिक बसें चलानेए, को मंडा मोड पुलिया का काम दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला परिषद सीकर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजपाल सिंह, एडीएम सिटी भावना शर्मा, नीमकाथाना अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ शाख, रींगस एडिशनल एसपी दीपक गर्ग, रींगस एसडीएम बृजेश गुप्ता, दांतारामगढ़ एसडीएम मोनिका सामोर, खाटू डिप्टी एसपी आनंद राव, खाटू थाना अधिकारी पवन चौबे, श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह, मैनेजर संतोष शर्मा सहित संबंधित विभागों के जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी, मंदिर कमेटी एवं व्यापार संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रद्धांजलि सभा कल

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू (नवयत्न)।** पंचायत समिति के पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी रहे बृजलाल सीगड़ा की 30वीं पुण्यतिथि पर 22 जनवरी गुरुवार को सुबह 11 बजे उनके पैतृक गाँव सीगड़ा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। बृजलाल सीगड़ा स्मारक संस्थान के संरक्षक महेश सीगड़ा ने बताया कि सभा में सीगड़ा पंचायतवासी व आसपास के ग्रामीणजन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण सीगड़ा की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे व उनके बताये आदर्शों व सदमार्गो पर चलने का संकल्प लेंगे।

## नेत्र जांच शिविर आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** वर्धमान विद्या विहार सेकेंडरी स्कूल, बजाज रोड, सीकर में विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष दीपक संगही ने बताया कि इस शिविर में ऑप्टिकल गैलेरी, सीकर के अनुभवी नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर वसीम खान, डॉक्टर विजय गौतम द्वारा बच्चों की आँखों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। संस्था सचिव संजय संगही ने बताया कि आज के इस नेत्र जांच शिविर में लगभग 350 विद्यार्थियों की अत्याधुनिक मशीनों द्वारा आँखों की जांच की गयी। संस्था प्रधान डॉ मीनाक्षी भार्गव ने बताया कि अभिभावकों द्वारा इस शिविर की प्रशंसा की जा रही है तथा बच्चों में भी स्वास्थ्य जांचों को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रबंध समिति ने जानकारी दी कि यह शिविर पूरे सप्ताह चलेगा जिसमें सभी बच्चो की नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच की जायेगी तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श भी दिया जायेगा। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष आशीष जयपुरिया, सह-सचिव रितेश रारा, कोषाध्यक्ष सुशील काला, सदस्यगण सुनील पहाड़िया, प्रियंक गंगवाल, मनोज जैन तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## शिविर में 232 बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** चिकित्सा विभाग की ओर से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाजोद, पाटन ब्लॉक के सीएचसी जीलो में शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि शिविर में 232 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आठ बच्चों को उपचार के लिए रैफर किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाजोद में लगे शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविन्द कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसन्ता, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. ईरम शेख, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा अग्रवाल एवं दंत रोग चिकित्सक डॉ. सुरेश ढ़ाका ने अपनी सेवाएं दी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जीलो में लगे शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश गुर्जर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. कानाराम सैनी, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. लीलाराम एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेन्द्र यादव ने अपनी सेवाएं दी। बुधवार को सीएचसी रोलसाहबसर एवं सीएचसी गणेश्वर में शिविर लगेगा।

## स्थापना दिवस पर कलश यात्रा निकाली



निसं

**चिड़ासन (नवयत्न)।** हरनारायन की ढ़ाणी के निकट स्थित चिड़ासन के बालाजी मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा चिड़ासन गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई चिड़ासन से किठाना जाने वाली रोड से निकलती हुई कड़वासरों की ढ़ाणी की सड़क के पास से होते हुए बुढ़िया बालाजी धाम पर पहुंची। 101 महिलाएं सिर पर 101 कलश धारण कर यात्रा में शामिल हुई। डीजे की धुन पर कलश यात्रा निकली गई। बालाजी के संगीत की स्वरलहरी के साथ नाचते गाते हुए बुढ़िया धाम स्थल पर पहुंची और मंदिर में कलश चढ़ाए। पंडित दिनेश शर्मा ने बालाजी मंदिर पर हवन व पूजा की। इस अवसर पर मुख्य यजमान पिंकी देवी एवं मुकेश कुमार महला थे। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर लेखुराम महला, मंदरूप महला, सुरेन्द्र, राम सिंह महला, राम कुमार, रणवीर, जगमाल, मंदरूप योगी, विजेंद्र, अनुज, पवन, अक्षय, शिव कुमार, हिमांशु महला, प्रदीप, अमन, अनुष, आरव, आर्यन, बंदूक सिंह, तोप सिंह आदि शामिल थे। इस मौके पर भजन संध्या के गायकार सुरेश पलवल, पुजा राव गुरुग्राम, बॉबी बघेल सोहना तथा डांसर भारती चौधरी, मंजु यादव, सचिन देव आदि थे।

## नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया

निसं



**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नवीन की नियुक्ति पर खेतड़ी नगर स्थित भाजपा जनसुनवाई कार्यालय में मंगलवार देर शाम को कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एवं एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर थे। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि राष्ट्र की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा की कमान नितिन नवीन जैसे ऊर्जावान और संगठन के प्रति समर्पित नेता को सौंपे जाने से पार्टी को नई मजबूती मिलेगी। उनका संगठनात्मक अनुभव और कार्यशैली भाजपा को जन-जन तक और अधिक मजबूत करेगी। धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि नितिन नवीन ने संगठन में रहते हुए विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है और उनका राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरने वाला है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। नितिन नवीन को संगठन में लंबे समय से सक्रिय, अनुशासित और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाला नेता माना जाता है। उन्होंने पार्टी संगठन में विभिन्न पदों पर रहते हुए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और संगठन को सशक्त बनाने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में पार्टी के विस्तार और मजबूती की उम्मीद जताई जा रही है। इस मौके पर झुंझुनू भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूनम धर्मपाल गुर्जर, बबलू अवाना, जिला मंत्री निखिल शर्मा, जिला प्रवक्ता शेर सिंह निर्वाण, मंडल अध्यक्ष प्रभु राजोता, सुरेंद्र काजला, ज्योति भारद्वाज, नरेश जोड़ा, सुभाष खारडिया, अक्षय कुमार, बनवारी लाल यादव, पूर्व चेयरमैन विजेश शाह, गजेंद्र जलंद्रा, नगेंद्र सोढ़ा, पवन भार्गव, डॉ. सोमदत्त भगत, रोहिताश मनकस, विकाश काजला, महिपाल दौराता, नरेश खटाना, धर्मेद्र यादव, धर्मा पहलवान, प्रताप सिंह अधाना सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खून की कमी को दूर करने के लिए आईएफए की खुराक खिलाई

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** राज्य सरकार के एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया गया। बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती, धात्री व अन्य लोगों को एनीमिया से मुक्त रखने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा खून की मात्रा की जांच की गई और खून बड़ने दवा दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि मंगलवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों व शिक्षण संस्थाओं पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं की स्क्रीनिंग की और शरीर में खून की कमी नहीं होए इसके लिए आयरन फोलिक एसिड की गोली तथा बच्चों को सीरप पिलाई गई। प्रत्येक मंगलवार को जिले के आंगनबाडी केंद्रों, राजकीय विद्यालयों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसीए पीएचसीए उप जिला अस्पताल, जिला अस्पताल, शिक्षण संस्थाओं में शक्ति दिवस मनाया जाता है। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हर्षल चौधरी ने बताया कि 6 माह से 59 माह तक के बच्चों, पांच से नौ वर्ष तक के विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों, 10 से 19 साल तक की विद्यालय नहीं जाने वाली सभी किशोरी बालिकाओं तथा 20 से 24 साल की विवाहित महिलाओं, गर्भवती व धात्री माताओं को आंगनबाडी केंद्र पर आशा सहयोगिनी द्वारा लक्षण के आधार पर जांच की गई और आयरन की गोलियां दी गई। इसके अलावा कक्षा पांच से 12वीं तक के विद्यार्थियों को राजकीय विद्यालयों में आयरन की गोली खिलाई। छह से 59 माह तक बच्चे, पांच से नौ साल के बच्चे, 10 से 19 साल के किशोर-किशोरी तथा 20 से 24 वर्ष की विवाहित महिलाएं, गर्भवती व धात्री महिलाओं को चिकित्सा संस्थानों पर भी आयरन फोलिक एसीड की गोलियां दी गई।

## परीक्षा परिणामों एवं आंतरिक मूल्यांकन में हुई अनियमितताओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई तारानगर ने माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय में परीक्षा परिणामों एवं आंतरिक मूल्यांकन में हुई अनियमितताओं को लेकर प्राचार्य के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में परिषद ने आरोप लगाया कि कई विद्यार्थियों को बिना कारण कम अंक दिए गए तथा कुछ को अनुचित रूप से फेल किया गया। वहीं उपस्थित विद्यार्थियों को अनुपस्थित दर्शा, जाने के मामले भी सामने आए हैं। परिषद ने आंतरिक मूल्यांकन की पारदर्शी पुन: जांच, गलत उपस्थिति में सुधार तथा पीड़ित विद्यार्थियों को न्याय दिलाने की मांग की है। परिषद ने चेतावनी दी कि शीघ्र समाधान नहीं होने पर छात्रहित में आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर नगर मंत्री नरेन्द्रसिंह, संदीप मेघवाल, अंकित, नरसी मेघवाल, चंद्रपाल, विश्वेन्द्र, हिमांशु, आनंद, पिन्टू, इरफान आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जिले में ग्राम-2026 के लिए प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर विशेष शिविरों का होगा आयोजन

निसं

**सीकर (नवयत्न)।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की ग्राम-2026 पहल के अंतर्गत जिले के प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर स्थित अटल सेवा केन्द्र अथवा ग्राम पंचायत भवन में एक दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक कृषकों एवं पशुपालकों की ग्राम-2026 में सहभागिता सुनिश्चित करते हुए संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने बताया कि इन शिविरों का शुभारम्भ 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर किया जाएगा। इसके पश्चात 24, 25 एवं 31 जनवरी 2026 तथा 1 एवं 5 से 9 फरवरी 2026 तक कुल 10 दिवस तक प्रत्येक गिरदावर वृत्त में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की सक्रिय सहभागिता रहेगी। उन्होंने बताया कि फतेहपुर तहसील के बेसवा में 23 जनवरी, उदनसर में 24 जनवरी, फतेहपुर में 25 जनवरी तथा बिरानियां में 31 जनवरी 2026 को शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार रामगढ़ शेखावाटी तहसील के तिहावली में एक फरवरी, ढ़ांढ़ण में 5 फ्रवरी तथा रामगढ़ में 6 फरवरी को शिविर होंगे। लक्ष्मणगढ़ तहसील के खूड़ी बड़ी में 23 जनवरी, लक्ष्मणगढ़ में 24 जनवरी, बलारां में 25 जनवरी, रहनावा में 31 जनवरी, बिदासर में 1 फरवरी, जाजोद में 5 फरवरी तथा पाटोदा में 6 फरवरी को शिविर आयोजित किए जाएंगे। नेछवा तहसील के सूठोठ में 23 जनवरी, नेछवा में 7 फरवरी, काछवा में 8 फरवरी तथा मंगलूणा में 9 फरवरी को शिविर लगाए जाएंगे। सीकर तहसील के सीकर में 23 जनवरी, गोकुलपुरा में 24 जनवरी, पलासरा में 25 जनवरी, पिपराली में 31 जनवरी, कुडली में 1 फरवरी, कटराथल में 5 फ्रवरी तथा दादिया नानी में 6 फरवरी को शिविर आयोजित किए जाएंगे। धोद तहसील के कुदन में 23 जनवरी, रसीदपुरा में 24 जनवरी, सबलपुरा में 25 जनवरी, सिहोट छोटी में 31 जनवरी, दूजोद में 1 फरवरी तथा माण्डोता में 5 फरवरी को शिविर होंगे। साथ ही शाहपुरा में 23 जनवरी, सिंगरावट में 24 जनवरी, सिहोट बड़ी में 25 जनवरी, धोद में 31 जनवरी तथा नेतड़वास में 1 फ्रवरी को शिविर आयोजित किए जाएंगे। दांतारामगढ़ तहसील के रामगढ़ में 23 जनवरी, मण्डा सुरेरा में 24 जनवरी, करड़ में 25 जनवरी, दांता में 31 जनवरी, रूपगढ़ में 1 फरवरी, जीणमाता में 5 फरवरी, डूकिया में 6 फरवरी, खाटूश्यामजी में 7 फरवरी, बाय में 8 फरवरी तथा खाचरियावास में 9 फरवरी को शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त लोसल में 23 जनवरी, खूड में 24 जनवरी, रेवास में 25 जनवरी, पलसाना में 31 जनवरी तथा रानोली में 1 फरवरी को शिविर होंगे। खण्डेला तहसील के रलावता में 23 जनवरी, जाजोद में 24 जनवरी, गोविंदपुरा में 25 जनवरी, खण्डेला में 31 जनवरी, कोटड़ी लुहारवास में 1 फरवरी, कांवट में 5 फरवरी, बासडी में 6 फरवरी, रींगस में 7 फरवरी, चौंमूपुरोहितान में 8 फरवरी तथा पटवारी का बास में 9 फरवरी को शिविर आयोजित किए जाएंगे। बावड़ी में 23 जनवरी को शिविर लगाया जाएगा। श्रीमाधोपुर तहसील के श्रीमाधोपुर में 23 जनवरी, जोरावरनगर में 24 जनवरी, मऊ में 25 जनवरी, मुण्डरू में 31 जनवरी, महरोली में 1 फरवरी, अजीतगढ़ में 5 फरवरी, झाडली में 6 फरवरी, थोई में 7 फरवरी, दिवराला में 8 फरवरी, सांवलपुरा तंवरान में 9 फरवरी तथा रायपुर जागीर में 23 जनवरी को शिविर आयोजित किए जाएंगे। नीमकाथाना तहसील के नीमकाथाना में 23 जनवरी, सिरोही में 24 जनवरी, गांवडी में 25 जनवरी, टोडा में 31 जनवरी, माण्डोली में 1 फरवरी, चला में 5 फरवरी, भूदोली में 6 फरवरी, नाथा की नांगल में 7 फरवरी, पाटन में 23 जनवरी, डाबला में 24 जनवरी, रायपुर पाटन में 25 जनवरी, हसामपुर में 31 जनवरी तथा बेगाकी नांगल में 1 फरवरी को शिविर आयोजित किए जाएंगे।


## नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी



निसं

**चिड़ावा (नवयत्न)।** भाजपा के संगठन पर्व के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर विवेकानंद चौक में चिड़ावा भाजपा नगर मंडल के नेतृत्व में भाजपाइयों द्वारा मिठाई खिला कर व आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया जिसमें भाजपा नेता राजेश दहिया, भाजपा नगर अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, पार्षद राजेंद्र पाल सिंह कोच, पार्षद मदन डारा, पूर्व पार्षद रविकांत शर्मा, पार्षद गंगाधर सैनी, महामंत्री मुकेश खण्डेलवाल, पार्षद अंकित भगेरिया, पूर्व पार्षद सुरेश जलिन्द्रा, अमर सिंह कोकचा, राकेश सर्राफ, रामचंद्र शर्मा, ख्याति केडिया, रिंकू शर्मा, राजेश वर्मा, मोहित तामड़ायत, आशु स्वामी, सुनील भड़िया, युवा मोर्चा अध्यक्ष अशोक शर्मा, निखिल मावंडिया, पीयूष बाछूका, मुकेश जलिन्द्रा, सज्जन गोदारा, रजनीकांत मिश्रा सहित अनेक भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नतीन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर मनाई खुशियां



निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** नतीन नबीन के भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कस्बे के अटल जनसम्पर्क कार्यालय में पूर्व सांसद व महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी संतोष अहलावत के नेतृत्व में कार्यकर्त्ताओं ने मिठाई बाटकर व आतिशबाजी कर खुशी मनाई। इस मौके पर चेयरमैन पुष्पा देवी गुप्ता, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष सेवाराम गुप्ता, विकाश शर्मा, चेयरमैन दशरथ सिंह बुहाना, मंडल अध्यक्ष कृष्ण सैनी, बुहाना अध्यक्ष राजपाल सिंह, सिंघाना अध्यक्ष संदीप शास्त्री, लाखू मंडल अध्यक्ष प्रमोद डैला, महामंत्री संतोष कुमावत, मनोज शर्मा, पूर्व चेयरमैन नरेश वर्मा, विनोद शर्मा, राजेंद्र सौंकरिया, संदीप शर्मा, अशोक शर्मा, धर्मपाल, सोमवीर लाम्बा, भरत बोहरा, सुखवीर मील, राहुल जैदिया, धर्मवीर चंदेलिया, शर्मिला डैला, दलीप खेदड़ सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस स्कूल में प्री-बोर्ड व कक्षावार टेस्ट सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, प्रिंसिपल विकास केडिया, सीमा राजपुरोहित व फैकल्टी मेंबर्स ने 187 टॉप रैंकर्स को नकद पुरस्कार, मेडल, रजिस्टर व पेन देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. पीयूष सुण्डा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि रेगुलर सेल्फ स्टडी, रिवीजन व डिसिप्लिन्ड लाइफ स्टाइल ही स्टूडेंट को आम से खास बनाती है। कार्यक्रम में एकेडमिक हेड सुरेश सिंघल, कोर्डिनेटर महेंद्र बिजारणिया, उर्मिला शर्मा, रश्मि सेठी सहित समस्त स्टाफ सदस्य व हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन व्याख्याता सुनील सारण ने किया।

# श्रीयादे माता की जयंती मनाई



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में प्रजापति भवन में मंजू बारवाल के नेतृत्व में श्रीयादे माता की जयंती पर समाज की महिला व पुरुषों ने श्रीयादे माता की जयंती पूजा अर्चना करके मनाई। इस अवसर पर सीता बारवाल, संध्या बारवाल, सुनीता बारवाल, हीरा बारवाल, कल्पना बारवाल, रामा देवी, मीना सिमार, मुन्नी देवी मनोरी देवी एसुमन, भारती, सुलोचना, संतोष, नारायणी देवी, निलिमा, गीता देवी, कंचन, राजेश्वरी, राजश्री, रजनी, कंचन, पुनम, सरिता, सरोज, पुष्पा नेमीवाल, सीताराम प्रजापत, पुजा प्रजापत, चेतना, पूनम प्रजापत, सुगणा देवी, सुमन लुहानीवाल, गायत्री भरिया, किशन बेरवाल, लालचंद पार्षद, विष्णु कुमार लुहानीवाल, राजेंद्र कुमार, रामरतन प्रजापत, गोविंद प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# गौशाला में 2 ट्रक चारा भेंट



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में स्थानीय पिजरीवाल गोशाला समिति में रफीक मेडेलिया उपाध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जन्म दिवस पर पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में गौशाला की गायों के लिए दो बड़े ट्रक चारा गौसेवार्थ अर्पित किये। गौशाला समिति के मंत्री अजनी चोटिया ने मण्डेलिया परिवार के इस पुण्य कार्य के लिए उनका हार्दिक अभिनन्दन करते हुए बताया कि किसी के जन्म दिवस के उपलक्ष में गौशाला को चारे के रूप में मिली सहायता का यह अब तक का सबसे उदाहरण है। जिसके लिए गौशाला समिति परिवार मंडेलिया परिवार का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पार्षद मनीष केवल, जीतमल गौशाला कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र इन्दोरिया, मंगतूराम चौधरी, देवकी नन्दन सोनी, श्याम सुन्दर माटोलिया, रामदेव पारीक सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

# पार्षद पंवार की भूख हड़ताल जारी

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा पार्षदों का धरना लगातार नगरपरिषद कार्यालय के सामने जारी है। धरने पर पार्षद रेंवतमल पंवार की भूख हड़ताल दूसरे दिन भी मंगलवार को जारी रही। कनिष्ठ अभियंता को एपीओ किए जाने की मांग को लेकर पार्षद द्वारा भूख हड़ताल की जा रही है। धरने पर पन्नालाल सोनी, गणेश मण्डावरिया, हरिओम खोड रविन्द्र पांडे, अशोक कुमार तिवाड़ी, महेश जोशी, राजकुमार बागड़ा, विनोद कुमार सरपटा, प्रदेश वाल्मीकि, हीरालाल तंवर, गिरधारी बुगालिया, बसंत दाधीच, मनीष दाधीच, प्रहलाद जाखड़ सहित अनेक लोगों ने शिरकत की। वहीं भूख हड़ताल पर बैठे रेंवतमल पंवार की चिकित्सकीय जांच डॉण् रघुवीर तूनवाल ने की।

# कार्यशाला आज

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक विकास सिहाग ने बताया कि राज्य सरकार के पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत 21 जनवरी 2026 को प्रातः 11:30 बजे से अरबन हाट, कृषि उपज मण्डी के सामने, जयपुर रोड, सीकर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में एक जिला एक उत्पाद योजना के साथ-साथ विभागीय योजनाओं जैसे आदि की जानकारी प्रदान की जाएगी।

# सैनी समाज के लोगों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे में मंगलवार को सैनी समाज ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से सैनी समाज को अलग से 12 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की है। एसडीएम सुनील कुमार चौहान को दिए ज्ञापन में बताया कि सैनी समाज की ओर से पिछले काफी समय से आरक्षण देने की मांग की जा रही है। इसके बावजूद भी राज्य सरकार की ओर से समाज के हितों को लेकर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सैनी, कुशवाहा, मोर्य, सुमन समाज 12 प्रतिशत अलग से आरक्षण की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार की उदासीनता के चलते इन समाज के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने इन समाज को अलग से 12 प्रतिशत आरक्षण देने, देवनारायण बोर्ड की तर्ज पर महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड को प्रशासनिक व वितिय अधिकार देकर पदाधिकारियों की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से करने, संत लिखमीदास महाराज की जन्मस्थली को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने, भारतीय सेना में सैनी रेजीमेंट का गठन करने, महात्मा ज्योतिबा फुले दंपति को भारत रत्न से सम्मानित करने, आंदोलन के दौरान दर्ज हुए मुकदमे वापस लेने, समाज के लोगों की सुरक्षा के लिए एससी एसटी एक्ट के तहत कानून लागू करवाने, महात्मा ज्योतिबा फुले संग्रहालय बनवाने, सैनी, माली, कुशवाहा समाज के लिए अलग से बागवानी विकास बोर्ड बनवाने, समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले फाउंडेशन बनवाने, राज्य सरकार द्वारा विकसित की जा रही फल, सब्जी व अनाज मंडी में दुकानों का आवंटन करवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि यदि सरकार ने जल्द उनकी मांगों पर विचार नहीं किया तो समाज की ओर से 26 फरवरी को विधानसभा का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर ज्ञानीराम, सुनील कुमार। राजकुमार, नरेंद्र सैनी, मनोज सैनी, अमित सैनी, विक्रम सैनी, जगदीश सैनी, रामकरण सैनी, कृष्ण सैनी, मुकेश सैनी, विजेश सैनी, रवि, किशन, जितेंद्र सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# भक्त शिरोमणि श्रीयादें माता की जयंती पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** प्रजापति समाज की आराध्य देवी और भक्त शिरोमणि श्रीयादें माता की जयंती मंगलवार को वार्ड 7 स्थित शिव मंदिर में हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एकत्रित होकर माता के आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा श्रीयादें माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण कर किया गया। श्रद्धालुओं ने माता की आरती उतारकर पुष्प अर्पित किए और क्षेत्र की खुशहाली की मन्नत मांगी। पूजन के पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

## प्रमुख जनों की रही मौजूदगी

जयंती समारोह में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही गजानंद कुमावत, राजेश वर्मा, ऋषिकेश, संजय वर्मा और सीताराम खोवाल ने भी माता के चरणों में शीश नवाया। इस दौरान हेमंत वर्मा, प्रदीप, कमलेश, पीयूष, अजय, प्रियांश, सुरेश और आर्यन सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने श्रीयादें माता के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए भक्ति और कर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# महिला महाविद्यालय विकास समिति की बैठक आयोजित



निसं

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** कस्बे की राजकीय कमला मोदी महिला महाविद्यालय में मंगलवार को महाविद्यालय विकास समिति की बैठक प्राचार्य प्रो. डॉ. मंजू वर्मा की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में महाविद्यालय विकास समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने गत वर्ष में महाविद्यालय विकास समिति द्वारा महाविद्यालय के बुनियादी ढाँचे के जीर्णोद्वार तथा विकास कार्यों का सविस्तार वर्णन किया। विकास समिति सदस्यों ने प्राचार्य प्रो. वर्मा द्वारा महाविद्यालय में करवाए गए विकास कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। महाविद्यालय विकास समिति सदस्यों ने समिति के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया तथा विकास समिति अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. वर्मा को उनकी कार्यकाल उपलब्धियों हेतु बधाई दी। विकास समिति के भावी प्रस्तावों का उल्लेख करते हुए प्रो. वर्मा ने विज्ञान परिसर में जीर्णोद्वार, गेट पर चैनल गेट, भौतिकी व प्राणीशास्त्र प्रयोगशालाओं में स्लैब निर्माण तथा गार्ड व स्वीपर लगाने का प्रस्ताव रखा।

# तीन दिवसीय विवेक चिंतन उत्सव का समापन

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे के रामकृष्ण मिशन अजीत विवेक संग्रहालय परिसर में तीन दिवसीय विवेक चिंतन उत्सव का मंगलवार को समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अशोक सिंह शेखावत, विशिष्ट अतिथि तहसीलदार सुनील कुमार थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने कहा कि स्वामी विवेकानंद पूरे विश्व के युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनके जीवन से यदि प्रेरणा लेकर विद्यार्थी अपने भविष्य का निर्माण करें तो वे निश्चित ही अपने लक्ष्य की प्राप्ति करेंगे और भारत को अग्रणी पंक्ति में खड़ा करने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी एक एक घटना प्रत्येक भारतीयों के लिए प्रेरणादाई है, जिस प्रकार उन्होंने अध्यात्म और सनातन धर्म का विश्व में परचम लहराया वह सर्वविदित है। स्वामी विवेकानंद का खेतड़ी से गहरा नाता रहा। स्वामी जी अपने जीवन में तीन बार खेतड़ी आए और खेतड़ी नरेश राजा अजीत सिंह के साथ उनका मैत्रीय व गुरु शिष्य का रिश्ता आज भी चीर स्थाई है। स्वामी विवेकानंद को शिकागो धर्म सम्मेलन में भेजने का पूरा श्रेय खेतड़ी रियासत के राजा अजीत सिंह को जाता है। उन्होंने अपनी मित्रता का धर्म निभाते हुए स्वामी विवेकानंद को शिकागो धर्म सम्मेलन में 1893 में भेजा था, जिसके बाद स्वामी जी ने शिकागो धर्म सम्मेलन में सनातन धर्म का परचम लहरा कर पूरे विश्व में देश व खेतड़ी का नाम रोशन कर दिया था। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिन भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस उत्सव मे जिले के 18 स्कूलों के 468 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में भागीदारी निभाने वालों को प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर स्वामी योगयुक्तानंद, स्वामी सुभगानंद, स्वामी प्रशांतानंद, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी सुधानंद, स्वामी तारकानंद, कृष्ण कुमार, उमेश कुमावत, विक्की कुमावत, गोपी राम, शिवराम सैनी, महेश कुमावत सहित सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# कथा में सुनाया कृष्ण-सुदामा मिलन का प्रसंग

निसं



**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के गांव लोयल में खारिया कुआं के हनुमान मंदिर के प्रांगण में चल रही भागवत कथा ज्ञान सप्ताह में सातवें दिन हनुमान मंदिर पर पंडित कपिल शास्त्री एवं यजमान मुरारी लाल अग्रवाल मंजू देवी, प्रकाश अग्रवाल, कुसुम देवी गिरधारी लाल अग्रवालअमिता देवी राजेश अग्रवाल सुमन देवी समस्त परिवार जन दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की व पुष्प अर्पित कर एवं अपने परिवार और ग्रामीणों की खुशहाली की मन्नत मांगी। सेठ मुरारी लाल पुत्र स्व. मातादिन अग्रवाल के परिवार के चारों बेटों ने श्री थानदेव गौशाला लोयल में एक लाख एक हजार रुपये गौवंश के लिए दान दिया। कथावाचक पंडित कपिल शास्त्री ने कृष्ण सुदामा मिलन का कथा वाचन किया उन दोनों सखा की मित्रता की का वर्णन किया एवं कथा वाचन किया अग्रवाल परिवार जनों ने कृष्ण सुदामा मिलन का नाटक प्रदर्शित किया। जब द्वारकाधीश द्वार पर सुदामा पहुंचे तो द्वारपाल रक्षको ने उन्हे अंदर नही जाने दिया सुदामा जी के बार बार अनुन्य विनय करने के बाद भी द्वार पाल नही माने अंत मे उनके दरबार के सदस्य ने यह बात श्री कृष्ण जी के पास पाहुचाई तो वे सुनकर दौड़े दौड़े द्वार पर पहुंचे और देखकर सुदामा की दीन दशा करुणा करके करुणा निधि रोए पानी पर रात को हाथ न छुयों नैयनन के जल से पग धोये को कर्म के महत्व पर चर्चा की गई। उसके बाद मे द्वारकधीश मंदिर मे ले गए और उनके हाल चाल जाने ये सब भागवत कथा वाचन मे संदर्भित है कथा वाचक पंडित कपिल शास्त्री एवं उनकी टीम टीम के सदस्य पंडित राम गोपाल, अशोक, प्रद्युमान, अजय, द्वारा कृष्ण सुदामा की छोटी छोटी लघु कथा एवं कृष्ण रास लीला के माध्यम से जीवन में निष्ठा के साथ कर्म करने के लिए प्रेरित किया। कथा व्यास ने उपस्थित श्रोताओं को जीवन की असफलताओं से सफलता के रास्ते निकालने की सलाह दी। कथा में प्रसंगों पर चर्चा करते हुए कथा वाचक ने मनोहारी वर्णन कर श्रोताओं को भावविभौर कर दिया इस मौके प्रसंगों से जुड़ी झांकी भी सजाई गई। कृष्ण सुदामा मिलन की झांकी सजाने वालों मे जिंहोने पार्ट अदा करने वालों मे कृष्ण का दीपा अग्रवाल, सुदामा का कोमल अग्रवाल सुदामा की पत्नी का अनीता टिबड़ेवाल, द्वारपाल सिल्पा चौधरी एवं संतोष अग्रवाल, रुकमणी का सुशीला अग्रवाल, द्वारका की सदस्यों का मंजु देवी, कुसुम, अमिता, सुमन, माया, संपती, संतोष, सुशीला, अनीता एवं आस पास की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया साथ ही मौके पर बड़ी संख्या मे ग्रामीण मोजूद थे।

# जागरुकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने ली जीवन सुरक्षा शपथ



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुंदगढ़ कस्बे की गिग्गी देवी चौखानी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मंगलवार को वंश फाउंडेशन व झुंझुनूं जागृति मंच के संयुक्त तत्वावधान में जीवन सुरक्षा पर जागरुकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका उपाध्यक्ष शहजाद चौबदार थे। अध्यक्षता बसंत पारीक ने की जबकि विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पार्षद प्रमोद पचलंगिया, रामगोपाल महमिया व पर्यावरण एवं जागृति संस्थान के संजय शर्मा थे। अपने संबोधन में उपाध्यक्ष चौबदार ने विधार्थियों को अपने जीवन की सुरक्षा के प्रति गंभीर रहने के साथ दूसरे लोगों की जिंदगी की अहमियत को समझते हुए दुर्घटना के समय तत्परता से मदद कर नजदीक के अस्पताल पहुंचाने की अपील की। वंश फाउंडेशन सचिव रमाकांत पारीक ने रोजमर्रा के जीवन में सजगता बरतते हुए तमाशबीन बनने की बजाय हादसों में घायल लोगों की मदद करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम का संचालन सुनिल शर्मा ने किया वहीं आभार प्रधानाचार्य पवन सैनी ने जताया। इस मौके पर ऋषि सिंह, सतपाल भूकल, मोहम्मद फारुक, ज्योति शर्मा, संगीता जरीवाल, साक्षी जांगिड़, निकिता धीरज, सपना शर्मा, सुनिता गुर्जर, ममता चांगल, कंचन वर्मा, अशोक शर्मा सहित अन्य शिक्षक व विधार्थी मौजूद रहे।

# चैक अनादरण के मामले में आरोपी दोषमुक्त

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिंह ने चेक अनादरण के एक मामले में निर्णय पारित करते हुए गुलाब सिंह पुत्र रावताराम निवासी पंडरेऊटिब्बा तहसील तारानगर को दोष मुक्त किया है। परिवादी राजेश कुमार पुत्र लालचंद निवासी पंडरेऊटिब्बा तहसील तारानगर जिला चूरु द्वारा गुलाबसिंह के विरुद्ध 109000 के चैक अनादरण का मामला दर्ज करवाया था। 16/01/2026 को 400000 चार लाख रूपये चैक अनादरण का मामले में दोनों प्रकरण एक ही व्यक्ति के पक्षों की साक्ष्य के उपरांत न्यायालय द्वारा गुलाबसिंह को दोष मुक्त किया गया है। बचाव पक्ष ने अदालत में यह तर्क दिया कि परिवादी से आरोपी ने कोई ऋण नहीं लिया परिवादी ने चैक का दुरुपयोग कर मामला पेश किया है अदालत ने साक्ष्य और गवाहों के बयानों को ध्यान में रखते हुए पाया कि परिवादी एक वैध ऋण के अस्तित्व को साबित करने में असफल रहा है। अदालत ने अपने फैसले में परिवादी द्वारा तथ्यों का लोप करते हुए सही तथ्य छिपाते हुए परिवाद न्यायालय में पेश किया जाना पाया इसलिए, अदालत ने अभियुक्त को दोषमुक्त कर दिया। गुलाबसिंह की ओर से पैरवी अधिवक्ता जीताराम शर्मा पंडरेऊटिब्बा ने की थी।

# केशवानन्द की दो छात्राओं का पदमाक्षी योजना में चयन



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान भढ़ाढ़र की 12 उत्तीर्ण छात्रा आलिया खान पुत्री मोहम्मद तौसिफखान गॉव बैसवा तथा छात्रा अंकिता नेहरा पुत्री संजय नेहरा को राजस्थान सरकार द्वारा संचालित पदमाक्षी योजना के तहत प्रत्येक छात्रा को 75000 हजार रूपये का नगद पुरस्कार मिलेगा। जानकारी देते हुए संस्था निदेशक रामनिवास ढ़ाका ने बताया कि प्रत्येक जिले में जो छात्रा जिला मैरिट को टॉप करती है ऐसी प्रतिभावान छात्राओं को राजस्थान सरकार पदमाक्षी योजना के तहत 75000 रूपये का नगद पुरस्कार देकर उन्हे प्रोत्साहित करती है। निदेशक ने यह भी बताया कि प्रत्येक वर्ष संस्थान के छात्र छात्रायें जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय टॉप करने का क्रम निरन्तर जारी है। इस अवसर पर संस्था चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, सहनिदेशक गोपाल सिंह कॉलेज प्राचार्य ललित किशोर तंवर व विद्यालय प्राचार्य डां. विजेन्द्र सिंह ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# अमर शहीद मेजर दलपत सिंह शेखावत जयंती समारोह 26 को

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** अमर शहीद मेजर दलपत सिंह शेखावत के जयंती समारोह को लेकर समाज के युवाओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वही ग्रामीण अंचल में भी व्यापक जनसंपर्क किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य किशन सिंह चौहान तथा अमर सिंह कर्णावत ने बताया कि 26 जनवरी को मनाए जाने वाले जयंती समारोह को लेकर समाज में काफी उत्साह है। जिला मुख्यालय सहित खंडेला, नीमकाथाना, श्रीमाधोपुर तथा धोद क्षेत्र में समाज के लोग कार्यक्रम को लेकर व्यापक जन संपर्क में जुटे हैं। कार्यक्रम में समाज के लोगों की अधिक से अधिक उपस्थित हो इसके लिए हर स्तर पर समाजबंधु जी जान से जुटे है। कार्यक्रम के तहत मंगलवार को खंडेला विधायक सुभाष मील ने समाज बंधुओ की उपस्थिति में पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर विजेंद्र सिंह रावणा, मोहन सिंह, भवानी सिंह, राम अवतार सिंह, किशन सिंह, दयाल सिंह तथा जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। वही अजीतगढ़ तथा हाथीदेह में भी कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। सीकर शहर में नगर पालिका धोद के पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह कर्णावत, पूर्व पार्षद गोपाल बडगूजर, विक्रम सिंह सोलंकी, संजय चंदेल, रवि चौहान, कपिल परिहार, अजय पाल सिंह उग्रावत, राजेंद्र सिंह कच्छावा, रणजीत सिंह बडगूजर उर्फ जीतू, नटवर सिंह गहलोत, देवेंद्र सिंह खेजरोलिया, उत्तम सिंह शक्तावत, हेमंत सिंह नरूका, भगवान सिंह गहलोत, घनश्याम सिंह देवड़ा, जितेंद्र सिंह चौहान, उमेद सिंह गहलोत व अजीत सिंह गौड़ की टीम लगातार तमाम वार्डो में जनसंपर्क कर रही है।

## सम्पादकीय

### अहंकार में डूबे ट्रंप, लगातार दे रहे टैरिफ बढ़ाने की चेतावनी



वेनेजुएला पर हमला कर वहां के राष्ट्रपति का अपहरण कराने और ईरान समेत अन्य दक्षिण अमेरिकी देशों को धमकाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह रूस से तेल खरीद के मामले में भारत पर टैरिफ बढ़ाने चेतावनी दी, वह उनके बढ़ते अहंकार का नया प्रमाण है। उन्होंने जिस तरह यह कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे हैं, लेकिन वे जानते हैं कि रूस से तेल खरीदने के कारण मैं उनसे खुश नहीं और मुझे खुश करना जरूरी है, उससे उनकी तानाशाही मानसिकता ही प्रकट होती है। वे न केवल पूरी तरह बेलगाम दिख रहे हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक शिष्टाचार की भी धज्जियां उड़ा रहे हैं। वे ऐसे व्यवहार कर रहे हैं जैसे दुनिया के थानेदार हों या फिर उन्हें विश्व को अपने हिसाब से चलाने का जनादेश मिला हुआ है। वे अपने साथ अमेरिका की भी फजीहत करा रहे हैं। यदि वे यह समझ रहे हैं कि उनके रवैये से उनकी या अमेरिका की साख बढ़ रही है तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है।

अमेरिका केवल अपनी साख ही नहीं गंवा रहा है, बल्कि एक ऐसे गैर जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, जो विश्व व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर दुनिया को अराजकता की ओर धकेल रहा है। इसके दुष्परिणाम अमेरिका को भी भोगने होंगे, क्योंकि विश्व के तमाम राष्ट्र उनसे तंग आ चुके हैं और यह एक तथ्य है कि आज अमेरिका उतना सशक्त नहीं, जितना पहले हुआ करता था।

ट्रंप अपने अहं को पूरा करने के लिए जिस तरह अपने मित्र राष्ट्रों से भी बैर मोल ले रहे हैं, वह उन्हें महंगा पड़ सकता है, क्योंकि उनका मनमानापन विश्व के देशों को अमेरिका के खिलाफ एकजुट होने को मजबूर कर रहा है। यह बहुत दिनों तक संभव नहीं कि ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका तो मनमानी करे और विश्व से नियम-कानूनों के हिसाब से चलने की अपेक्षा करे। वे जिस तरह अस्थिरता फैला रहे हैं, उससे विश्व शांति ही नहीं, अर्थव्यवस्था भी खतरे में पड़ रही है। ट्रंप ने भारत पर पहले ही 50 प्रतिशत टैरिफ थोप रखा है। इसमें 25 प्रतिशत व्यापार समझौता न हो पाने और 25 प्रतिशत रूस से तेल खरीदने के कारण है। यदि वे और टैरिफ बढ़ाते हैं तो यह एक तरह से भारत पर पाबंदी लगाने जैसा होगा। यह ठीक है कि भारत को अमेरिकी सहयोग की आवश्यकता है, लेकिन उसे उसके अनुचित दबाव का प्रतिकार करना होगा। भारत को ट्रंप की शर्तों पर व्यापार समझौता करने से बचना होगा। भारत को यह भी आभास हो जाना चाहिए कि अमेरिका से व्यापार समझौता होने में और देरी हो सकती है। भारत को ट्रंप को उनकी भाषा में जवाब देने की जरूरत नहीं, लेकिन यह स्पष्ट करने में संकोच नहीं करना चाहिए कि वह उनके बेजा व्यवहार के समक्ष झुकने वाला नहीं।

## विशेष आलेख

# टैरिफ के बावजूद वर्ष 2026 में भारत की आर्थिक विकास दर छू सकती है नई ऊचाइयां

**वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के 7.4 प्रतिशत के अनुमान को उत्साहवर्धक माना जाना चाहिए क्योंकि यह वृद्धि दर ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बावजूद रहने वाली है। दरअसल ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए टैरिफ को वित्तीय बाजार में बहुत गम्भीरता से लिया जाकर इसके भारतीय अर्थव्यवस्था पर होने वाले प्रभाव को बहुत बढ़ा चढ़ाकर पेश किया गया है।**

1 फरवरी 2026 को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार द्वारा भारतीय संसद में प्रस्तुत किए जाने वाले बजट के पूर्व वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के आर्थिक विकास से सबंधित प्रथम अग्रिम अनुमान के आंकड़े 7 जनवरी 2026 को जारी किए गए है। इस अनुमान के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल हुई थी जो वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 7.4 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। सकल घरेलू उत्पाद से सम्बंधित प्रथम अग्रिम अनुमान के आंकड़ों के आधार पर ही वर्ष 2026-27 के बजट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आर्थिक विकास से सम्बंधित द्वितीय अग्रिम अनुमान 27 फरवरी 2026 को जारी किए जाने हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान भी 7.3 प्रतिशत की वृद्धि का ही है परंतु भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग का अनुमान 7.5 प्रतिशत अथवा इससे अधिक का है। भारत की आर्थिक विकास दर विश्व के सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे अधिक रहने की सम्भावना विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियन विकास बैंक (7.2 प्रतिशत), फिच नामक रेटिंग संस्थान (7.4 प्रतिशत) आदि संस्थानों ने भी व्यक्त की है।




भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वित्तीय वर्ष 2024-25 में हासिल की गई 6.5 प्रतिशत की वृद्धि से आगे बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के कुछ मुख्य कारणों में शामिल हैं - (1) केंद्र सरकार के स्थिर उपभोग खर्च में वृद्धि दर जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2.3 प्रतिशत की रही थी, वह बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5.2 प्रतिशत रहने की सम्भावना है; (2) विनिर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.5 प्रतिशत की रही थी जो वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 7.0 प्रतिशत रहने की सम्भावना है; (3) सकल मान योग में वृद्धि दर का 6.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है; (4) सकल स्थिर पूंजी निर्माण में वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत से बढ़कर 7.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है; (5) सेवा एवं कृषि क्षेत्र में क्रमश: 9.1 प्रतिशत एवं 3.1 प्रतिशत की सम्भावना व्यक्त की गई है; (6) भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में वृद्धि दर का 6.3 प्रतिशत से बढ़कर 6.4 प्रतिशत रहने की सम्भावना होना भी शामिल है। अप्रेल 2025 से नवम्बर 2025 के खंडकाल में राजकोषीय घाटा 9.8 लाख करोड़ का रहा है जो वित्तीय वर्ष 2025-26 के कुल अनुमान का 62.3 प्रतिशत है, अत: बजटीय घाटा भी अभी तक नियंत्रण में ही रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रहने का अनुमान लगाया गया था, जो सकल घरेलू उत्पाद का 4.4 प्रतिशत होगा। इस प्रकार केंद्र सरकार की आय एवं व्यय से सबंधित स्थिति भी पूर्णत: नियंत्रण में है।


परंतु, वास्तव में भारत के आर्थिक विकास दर पर इसका प्रभाव लगभग नहीं के बराबर रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण अमेरिका को भारत से होने वाले निर्यात की कम मात्रा भी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को 7,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विभिन्न वस्तुओं के निर्यात हुए थे, जबकि भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4.29 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। अत: भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात भारत के सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 1.85 प्रतिशत ही रहे हैं। वैसे भी भारत की अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित है ही नहीं (चीन की अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित है, इसीलिए चीन पर अमेरिकी टैरिफ का प्रभाव अधिक हो सकता है), भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्यत: आंतरिक उपभोग पर आधारित है। यदि भारत के नागरिक स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक सेवन करते हैं तो ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए टैरिफ के भारतीय अर्थव्यवस्था पर होने वाले प्रभाव को शून्य भी किया जा सकता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भी भारतीय समाज को लगातार प्रेरणा दी जा रही है कि वे भारत में निर्मित उत्पादों का ही उपयोग करें ताकि भारत को प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। संघ ने पंच परिवर्तन नामक एक कार्यक्रम को प्रारम्भ किया है, जिसमें पांच बिंदु शामिल किए गए हैं - स्वदेशी का उपयोग, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन। भारत में समस्त नागरिकों का यह कर्तव्य है कि वे सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों का अनुपालन सुनिश्चित करें। इन संस्कारों में भारत के नागरिकों में देश प्रथम के भाव का जागरण भी शामिल है। लोकतंत्र की सफलता और स्थिरता नागरिकों की भागीदारी और कर्तव्यों के प्रति सजगता पर निर्भर करती हैं। जब नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील होते हैं और उनका ईमानदारी से पालन करते हैं तो समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं और देश की प्रगति होती हैं। समाज की प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि के लिए नागरिकों की अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशीलता तथा कटिबद्धत्ता आवश्यक है। करों का समय पर और सही राशि का भुगतान करना नागरिकों का कर्तव्य है।

## स्वास्थ्य समाचार

### आंख आने (कंजंक्टिवाइटिस) पर अपनाएं यह घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगा आराम

आंखें हमारे शरीर का एक अहम अंग हैं इसलिए इनकी खास देखभाल करना जरूरी है। हालांकि, धूल-मिट्टी और प्रदूषण की वजह से कई बार आंखों में संक्रमण की शिकायत हो जाती है। इसे आम भाषा में आंख आना कहते हैं। वहीं, अंग्रेजी में इसे कंजंक्टिवाइटिस कहा जाता है। कजंक्टिवाइटिस होने पर आंखों में एलर्जी और सूजन हो जाती है। आंख आने की स्थिति में आंखें लाल दिखने लगती हैं, जिसकी वजह से इसे पिंक आई के नाम से भी जाना जाता है। साथ ही, आंखों में जलन, खुजली और पानी निकलने जैसी समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है।



#### गुलाब जल

आंख आने की समस्या में गुलाब जल का उपयोग काफी लाभदायक साबित होता है। गुलाब जल में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो आंखों की सूजन और रेडनेस को कम कर सकते हैं। साथ ही, इससे आंखों को ठंडक भी मिलती है। इसके लिए अपनी आंखों में गुलाब जल की दो बूंदें डालें। कुछ देर तक आंखों को बंद करके रखें। ऐसा करने से आंखों में गए दूषित कण भी निकल जाएंगे।

#### टी बैग

आंख आने पर घरेलू उपचार के लिए टी बैग का इस्तेमाल किया जा सकता है। एनसीबीआई पर प्रकाशित एक शोध के मुताबिक ब्लैक टी और ग्रीन टी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सूजन को दूर करने में मददगार हो सकते हैं। इनमें मौजूद टैनिन आंख में होने वाली खुजली से राहत दिला सकता है। इसके लिए एक टी बैग को पानी में डालकर उबाल लें। फिर ठंडा होने के लिए रख दें। जब यह ठंडा हो जाए, तो इसे आंखों पर लगभग 10 मिनट तक रखें। इस प्रक्रिया को दिन में 2-3 बार दोहराएं।

#### एलोवेरा

एलोवेरा औषधीय गुणों से भरपूर होता है। एलोवेरा जेल में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो संक्रमण को रोकने में मदद करते हैं। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जिससे सूजन दूर होती है। आंखों के आस-पास एलोवेरा जेल लगाने से कंजक्टिविटिस की शिकायत में काफी आराम मिल सकता है।

#### ठंडी सिकाई

आंख आने पर ठंडी सिकाई करने से काफी राहत मिलती है। इसके लिए कॉटन के कपड़े में बर्फ के टुकड़े डालकर बांध लें। अब इसे अपनी आंखों पर रखें और 5 से 10 मिनट सिकाई करें। ऐसा करने से आंखों की सूजन और खुजली कम होगी और आंखों को रिलैक्स मिलेगा।

#### धनिया

आंख आने पर धनिया के पत्तों का प्रयोग भी काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। दरअसल, धनिया के पत्ते एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होते हैं, जो सूजन को कम करने में मददगार हो सकते हैं। इसके लिए धनिया के पत्तों को पानी में उबालना लें।

# चेहरे पर सफेद दानों से हैं परेशान? तो इन उपायों से मिलेगा छुटकारा

कई लोगों के चेहरे पर छोटे, सफेद और उभरे हुए दाने होते हैं। इसे मेडिकल भाषा में मिलिया कहते हैं। यह त्वचा की सतह में केराटिन के निर्माण के कारण होता है। मिलिया अक्सर आंखों के नीचे, नाक, गाल या माथे के पास होता है। यह समस्या किसी भी उम्र के व्यक्तिको हो सकती है। खासतौर पर किशोरों और वयस्कों में यह ज्यादा देखने को मिलती है। इन दानों में किसी तरह का दर्द नहीं होता है, लेकिन ये आपकी खूबसूरती को खराब करते हैं। ऐसे में अक्सर लोग इस समस्या से निपटने के लिए तरह-तरह के क्रीम और दवाइयों का सहारा लेते हैं। लेकिन आप चाहें तो इन दानों से छुटकारा पाने के लिए कुछ घरेलू उपायों की मदद ले सकते हैं।



**नारियल का तेल :** मिलिया के इलाज में नारियल का तेल काफी फायदेमंद हो सकता है । नारियल के तेल में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो सफेद दानों और चेहरे पर निशान को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए रात को सोने से पहले नारियल के तेल की कुछ बूंदें लेकर चेहरे की मालिश करें। फिर सुबह चेहरे को पानी से धो दें। इससे चेहरे के सफेद दानों से छुटकारा मिलेगा और त्वचा काफी मुलायम बनेगी।

**एलोवेरा :** एलोवेरा त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो मुंहासों और दानों की समस्या को दूर करते हैं। एलोवेरा में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मिलिया की वजह से होने वाली जलन से राहत दिला सकते हैं। इसके लिए ताजा एलोवेरा जेल लेकर चेहरे पर सफेद दानों वाली जगह पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो दें।

**गुलाब जल :** चेहरे के सफेद दानों को हटाने के लिए आप गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकते हैं। गुलाब जल चेहरे के डेड स्किन सेल्स को साफ करने में काफी प्रभावी है। यह चेहरे के पिंपल और दानों को जड़ से हटाने में कारगर है। इसके लिए गुलाब जल और चंदन पाउडर को मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। फिर इसे प्रभावित हिस्से पर लगाएं और कुछ देर सूखने के लिए छोड़ दें। लगभग आधे घंटे बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।



**कैस्टर ऑयल :** कैस्टर ऑयल यानी अरंडी का तेल मिलिया से छुटकारा पाने का एक बेहतरीन घरेलू उपाय है। कैस्टर ऑयल में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा के दानों और सूजन को कम करने में प्रभावी होते हैं। तेल को लगाने से पहले पानी से साफ करके सुखा लें। फिर कैस्टर ऑयल की कुछ बूंदों को हाथ में लेकर चेहरे की मालिश करें। लगभग आधे घंटे बाद पानी से चेहरा धो लें। बेहतर परिणाम के लिए इस प्रक्रिया को रोजाना दोहराएं।

# हेल्दी रहने के लिए जरूरी है रोजाना योगा

हेल्दी रहने और माइंड को रिलेक्स करने के लिए योगा फायदेमंद साबित हो सकता है। ये शारीरिक और मानसिक शक्ति को बढ़ाने में मदद करता है। हालांकि, रोजाना की लाइफस्टाइल में शामिल करना कुछ लोगों के लिए मुश्किल होता है। कुछ लोग एक-दो दिन इसकी प्रेक्टिस करते हैं और फिर छोड़ देते हैं।

**समय और जगह करें सेट :** दिन का एक समय चुनें और अपने घर में ऐसी जगह चुनें जहां आप लगातार योगा प्रेक्टिस कर सकें। यह एक रूटीन सेट करने में मदद करेगा और आपकी प्रेक्टिस पर टिके रहना आसान बना देगा।

**ऑनलाइन संसाधनों का इस्तेमाल करें :** योग के लिए कई ऑनलाइन संसाधन मिल जाएंगे, जिनमें वीडियो, ट्यूटोरियल और ऐप्स शामिल हैं। एक वीडियो को देखें जो आपकी मदद कर सकें। ये आपकी प्रेक्टिस को आसान बनाएगा।

**आसान योगासन से करें स्टार्ट :** अगर आप योग के लिए नए हैं, तो आसान योगासन से शुरुआत करें। आसान योग से शुरुआत करने पर आपको किसी तरह की परेशानी नहीं होती है।

**योगा पार्टनर देखें :** रोजाना योगा करने के लिए किसी दोस्त या परिवार के सदस्य के साथ योग की प्रेक्टिस करें। अगर आप कम्फर्टेबल हों तो किसी और के साथ अभ्यास करना ज्यादा मजेदार हो सकता है। योग एक अच्छी प्रेक्टिस है, हालांकि, ताकत और लचीलापन बनाने में समय लगता है



## आज का राशिफल

**मेष**

चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं।

**वृष**

शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी।

**मिथुन**

रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क**

घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

**सिंह**

फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

**कन्या**

पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

**तुला**

धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी।

**वृश्चिक**

चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा।

**धनु**

प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

**मकर**

पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**कुंभ**

विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

**मीन**

पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

## एनसीसी कैडेट् कोमल को किया सम्मानित



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** आरकेजेके बरासिया पीजी महाविद्यालय की छात्रा एनसीसी कैडेट्ट कोमल द्वारा 15 जनवरी 2026 को जयपुर में एनसीसी निदेशालय राजस्थान की और से आयोजित आर्मी डे परेड में जिले का प्रतिनिधित्व करने पर महाविद्यालय संयुक्त सचिव जया पाठक, प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा, वन. राज. इन्डेप कम्पनी एनसीसी पिलानी के कमांडिंग कर्नल हरमिन्द्र सिंह, सुबेदार छत्तरपाल सिंह, एवं हवलदार दलीप सिंह द्वारा कोमल का माल्यार्पण व मिठाई खिलकार सम्मान किया गया। इस दौरान समस्त स्टॉफद्वारा छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा ग्राम भोजासर से आगे हुआ। जहां तेज गति से आ रहे एक डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। क्षेत्र के भरतियों की ढ़ाणी निवासी 42 वर्षीय विनोद कुमार ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई की उसका चचेरा भाई 31 वर्षीय गजानंद प्रजापत बाइक से अपने ससुराल गांव चाड़वास गया हुआ था। जब वह ससुराल से वापस रतनगढ़ की तरफ लौट रहा था। इसी दौरान भोजासर से आगे गोलाई के पास रतनगढ़ की ओर से आ रहे डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में गजानंद को गंभीर चोटें आईं। पीछे से आ रहे भोजासर निवासी संदीप सिंह और रतनगढ़ निवासी रामवीर सिंह रायका ने घायल को तुरंत राजकीय जालानअस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार दुर्घटना करने वाला डंपर चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है।

## फुड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अंतर्गत खाद्य कारोबार प्रारंभ करने अथवा संचालन हेतु सक्षम प्राधिकारी से फुड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना अनिवार्य है। इसी क्रम में 21 जनवरी 2026 को जनता कॉलोनी सब्जी मंडी जयपुर में प्रात: 10:30 बजे से सायं 4 बजे तक एक दिवसीय फुड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के खाद्य कारोबारियों को एक ही स्थान पर लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि बिना फुड लाइसेंस के खाद्य व्यवसाय करना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है।

ऐसे में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी खाद्य कारोबारी-जैसे निर्माता, विक्रेता, थोक एवं फुटकर व्यापारी, फेरीवाले, केटरिंग सेवा प्रदाता, ट्रांसपोर्टर, मेडिकल स्टोर, मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले, स्वयं सहायता समूह, होटल-ढ़ाबे, अस्पताल व स्कूल-कॉलेज कैंटीन, छात्रावास कैंटीन, वेयरहाउस, दुग्ध विक्रेता, डेयरी, चाय-पान की दुकानें, फल-सब्जी, मांस-अंडा विक्रेता एवं हाट बाजार में खाद्य कारोबार करने वाले व्यापारी-इस शिविर में भाग लेकर लाभ उठा सकते हैं। शिविर में नए फुड लाइसेंस, नवीनीकरण रिन्यूअल एवं संशोधन मॉडिफिकेशन हेतु आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदकों को आधार कार्डए पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, प्रोपराइटर का नाम व पता, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी सहित आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। डॉ. शेखावत ने बताया कि पात्र आवेदकों को शिविर के दौरान मौके पर ही फुड लाइसेंस एवं फुड रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। उन्होंने सभी खाद्य कारोबारियों से अपील की है कि निर्धारित तिथि व समय पर शिविर में उपस्थित होकर इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं।

## सिपाही सहित 6 लोगों ने किया रक्तदान

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सिपाही सहित 6 लोगों ने अनजान मरीजों के लिए रक्तदान किया है। ब्लड बैंक में सभी रक्त ग्रुप की कमी के चलते टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की अपील पर सिपाही कमलेश सामरिया, विजय पाल श्योराण, ओमप्रकाश सामरिया, मलसीसर के भंवरलाल धेतरवाल, राजू प्रजापत, राकेश गुलेरिया आदि अलग अलग बेहद जरुरतमंद अनजान मरीजों के लिए बेशकीमती रक्तदान किया।

# भागवत कथा के पांचवे दिन श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का किया वर्णन

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर गौशाला बास में स्थित भोला बाबा बगीची में ब्रह्मलीन जसनाथी संत पुष्कर नाथ महाराज की 20 बरसी पर बगीची महंत सोमनाथ महाराज, संत सुरजीत नाथ महाराज के सानिध्य में 5 कुंडीय अन्नपूर्णा रुद्र एवं भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा के पांचवे दिन नापासर के पंडित केदार जोशी ने कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा की धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। इस अवसर पर संत प्रेमनाथ, संत काननाथ, संत मनोहर नाथ, शिवालय पुजारी रामचंद्र शर्मा, कथा के यजमान गिदाराम सुथार रहे। यज्ञ में 17000 हजार आहुतियां लगाकर जीव जंतु मानव प्राणी के लिए मंगल कामनाएं की। कार्यक्रम में पूर्णनाथ आश्रम लक्ष्मणगढ़ के महंत स्मृतिनाथ, अमृत आश्रम फतेहपुर के संत महेश नाथ महाराज, गंगानाथ आश्रम के महंत नंदीनाथ महाराज, लिखमादेसर के जयचंद महाराज, देवकिशन सुथार, जगदीश पुरोहित, नंदू खंडोलिया ए भवानी मंत्री ए कमलदान चारण ए नोरतमल नाईए सांवरमल घोडेला, भगवानदास स्वामी, दीनदयाल प्रजापत, कुलदीप लीलडिया, गिरधारी कटारिया, श्यामसुंदर सैनी, भीकमचंद सुथार, लालदास स्वामी, कमल कटारिया, आदि ने भागवत पुराण की पूजा अर्चना की।

## अजीतसरिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धा व सम्मान से किए सेवा कार्य

**रतनगढ़ (नवयत्न)।**

देवकिशन स्मृति सेवा समिति के संरक्षक व कस्बे के भामाशाह दिनेश अजीतसरिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन स्वरूप समिति सदस्यों ने ताल बालाजी अन्न क्षेत्र में साधु-संतों को भोजन करायाए चूरू रोड़ स्थित पिंजरापोल गौशाला में निशक्त गौवंश को लापसी खिलाई। तत्पश्चात् ग्राम पायली की श्री मां करणी गौशाला में एक पिकअप चारा प्रदान किया। समिति सदस्यों ने अपना घर में प्रभू जनों को मिष्ठान के साथ भोजन प्रसादी भी अर्पित की। समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी ने बताया कि आज अन्नपूर्णा रसोई में टोकन भी नि:शुल्क रखा है। अजीतसरिया की सेवा परम्परा को उनके पुत्र सुमित अजीतसरिया द्वारा निरन्तर बनाए रखा जा रहा है जिनमें उनके परिसर में संचालित होमियोपैथी चिकित्सालय भी है जहां रोगीयों को उपचार व दवाएं नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

## बालिकाओं को महिला सुरक्षा के बारे में बताया



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** महिला आधिकारिता विभाग द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एव सलाह केन्द्र द्वारा मंगलवार को कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विधालय मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आवासीय बालिकाओ को लाडनूं पुलिस थाने में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के बारे में बताया गया। व उसके तहत किए जा रहे कार्य जैसे पति-पत्नि के रिश्तों में प्रेम पूर्वक रहकर जीवन व्यतीत करने की सलाह देना घरेलु हिंसा, बालिकाओं को महिला हेल्प लाइन नम्बर 181, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 सहित अन्य जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में ऋतु कुमारी प्रशिक्षु आरपीएसए अंजली ब्लॉक सुपरवाइजर महिला अधिकारिता, श्वेता सांखला सामाजिक परामर्शदाता और विधिक परामर्शदाता आदि मौजूद रहे।

## साधना, प्रशिक्षण एवं समन्वय की त्रिवेणी के नाम रहेगा यह वर्ष : लूनिया

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** साधना, प्रशिक्षण एवं समन्वय की त्रिवेणी के नाम रहेगा यह वर्ष 2026। यह विचार अणुव्रत समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ कुसुम लुनिया ने व्यक्त किये। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के निर्देशन में योगक्षेम अणुव्रत संगठन यात्रा के दौरान देर रात्रि कार्यशाला का आयोजन महावीर चौक स्थित तेरापंथ भवन में किया गया। तेरापंथ अणुव्रत समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने नोखा समिति की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए आगामी वर्ष के कार्यक्रम एवं योगक्षेम से संबंधित सभी गतिविधियों को सफलता पूर्वक करने की योजना प्रस्तुत की।



साधना प्रशिक्षण एवं समन्वय के उद्देश्य से देश भर में की जा रही योगक्षेम अणुव्रत संगठन यात्रा के दौरान संयोजक विनोद बछावत, डॉ नीलम जैन, ताहिर खान ने वर्ष भर आयोजित होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण संवाद ऑनलाइन मीटिंग एवं अन्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रीय अणुव्रत परिवार संयोजक रचना कोठारी ने अणुव्रत परिवार एवं सुखद परिवार कैसे बनाएं, विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र पारख ने किया। बीकानेर समिति के उपाध्यक्ष इंद्रचंद सेठिया ने अणुव्रत विचारधारा पर अपनी बात कही। कार्यशाला में मनोज घीया, महावीर नाहटा, उपाध्यक्ष हंसराज भूरा, शिक्षाविद ओमप्रकाश रोड़ा, ओम प्रकाश मीणा, हरिकिशन शर्मा, पुलकित ललवानी, संदीप चोरड़िया, खुशबू ललवानी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में इंदरचंद वैद कविराज ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए अणुव्रत संयम गीत की सामूहिक प्रस्तुति दी।

## भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव होता है कल्याण : रामानंदातीर्थ

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में दस्सुसर रोड़ पर स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में सिद्धि विनायक चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से चल रही भागवत कथा व गणेशांबिशिका शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन रामानंदातीर्थ ने कहा कि मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिलाहै, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका साराध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। मानव जीवन का उद्र्शेश्य कृष्ण प्राप्ति शाश्वत है। उन्होंनेकहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर हीजीवन छोड़ना है और अगर हम ये दृढ़ निश्चय कर लेंगेकि हमें जीवन में कृष्ण को पाना ही है तो हमारे लिएइससे प्रभु से बढ़कर कोई और सुखए संपत्ति या सम्पदा नहीं है।



25 जनवरी को कथा के समापन पर ओमप्रकाश जालान परिवार की ओर से विशाल भंडारा महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक का रखा गया है। कथा के मुख्य यजमान दम्पति गोपालराम भाटिया व पंडित गोविंद बोहरा, भागीरथ पारीक, गोविंद राम तिवाड़ी, नंदकिशोर पाण्डिया सहित श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन 21 जनवरी को सुबह दस बजे होगा। बीसीएमओ डॉ. नरेश पारीक ने बताया कि बैठक में ब्लॉक में कार्यरत सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, एएनएमए एलएचवी सहित सभी अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी भाग लेंगे। बैठक में पीसीटीएस रिपोर्ट, एसीएफसर्वे, मीसिंग डिलीवरी, मिसिंग टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, फोलोऑप, उपचार, नसबंदी अचीवमेंट, पीएएलएएस फार्म रिपोर्टिंग, आयुष्मान कार्ड वितरण की स्थिति, शक्ति दिवस रिपोर्टिंग, एचएमआईएस इंफ्रास्ट्रक्चर सहित सभी विभागीय कार्यक्रमों, गतिविधियों व योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

## नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर की आतिशबाजी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नितिन नबीन के भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सुजानगढ़ मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया के नेतृत्व में शहर के गांधी चौक पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा भव्य जश्न मनाया गया। इस खुशी के मौके पर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को बधाई दी। मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने कहा कि यह हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। नितिन नवीन के कुशल नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा, ऐसा हम सब का पूर्ण विश्वास है और भारतीय जनता पार्टी ही ऐसा संगठन है, जहाँ छोटे से छोटे कार्यकर्ता को उसकी लगन व कार्यक्षमता की वजह से बड़े से बड़ा पद दिया जा सकता है। इस अवसर पर एडवोकेट श्यामनारायण राठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष भागीरथ करवाए पार्षद तनसुख प्रजापत, गणेश मंडावरिया, दीनदयाल पारीक, पंकज घासोलिया, पुरुषोत्तम शर्मा, प्रेम स्वामी, खुशीराम चांदरा, प्रहलाद जाखड़, विद्याधर मेघवाल, मंडल उपाध्यक्ष अमरचंद सेन, सुमन सांभरिया, गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष प्रकाश सोनी, मंडल मंत्री एड प्रियांशु लड़ा, यशोदा प्रजापत, मुरारी खंडेलवाल, राजेश सेन और श्रवणसिंह राठौड़, शिवभगवान चौहान, प्रदेश वाल्मीकि, एड राकेश जांगिड, लक्ष्मीकांत मिश्रा, युमो संयोजक हिमांशु भाटी, ललित गुर्जर, धीरज चारण, हर्ष बिनवारा, हितेश सेनए मनीष शर्मा, गोविंद कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राम का नाम सभी दुखों का नाश करता है : निवृत्तिनाथ महाराज

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** श्री महावीर सेवा संस्थान व श्रीश्याम गौशाला समिति के तत्वावधान में गौ सेवार्थ श्री संकटमोचन बालाजी धाम के सभागार में हो रहे श्रीरामचरितमानस प्रवचन के तीसरे दिन गनेड़ीधाम के योगी संत निवृत्तिनाथ कृष्ण महाराज ने राम नाम का महत्व बताते हुए कहा कि राम का नाम सभी दुखों का नाश कर मोक्ष दिलाता है। राम का नाम नकारात्मक विचारों को हटाकर सकारात्मक विचारों को लाता है। उन्होंने कहा कि जो भगवान के शरण में आते हैं उनको आनंद व सब सुख प्राप्त होता है। मानस प्रवचन में श्रीराम व श्री हनुमानजी के नाम की महिमा, भरत चरित्र तथा रामायणजी के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। मानस व्याख्यान शुरू होने से पूर्व समिति के अध्यक्ष विनोद डागा व पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबू इंदौरिया ने मंचस्थ रखी श्रीरामायण जी की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान अपना घर आश्रम, श्री कृष्ण गौ शाला, सदाफल एग्रो की ओर से महाराज का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, कांग्रेस नेता रमेशचंद्र इंदौरिया, देवीदत्त हारित, विष्णुदत्त चौधरी, डॉक्टर विजयप्रकाश गोयल, डॉ. गोपालदत्त शर्मा, महावीर रामगढ़िया, दिनेशचंद्र शर्मा, मनोज जोशी, ललित चौधरी, हरिप्रसाद पारीक, प्रकाश पारीक, रामकुमार वियाला, नरेंद्र झंवर, प्रतापसिंह बोथरा, जगदीशप्रसाद भूत, कुलदीप व्यास, विनोद जम्मड़ सहित कई धर्मश्रद्धालु उपस्थित थे।



## नीतिन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े



निसं

**रीगस ( नवयत्न )।** नीतिन नबीन के भाजपा के निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर नगर पालिकों के सामने भाजपा कार्यकर्ताओ ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका के सामने जमकर पटाखे फोड़े।

भाजपा मण्डल अध्यक्ष विशाखा कुमावत, आयुश कानूनगो, विजेन्द्र मील ने बताया कि नीतिन नबीन के निर्विरोध भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर खुशी का इजहार किया गया। नीतिन नवीन भाजपा की कार्यप्रणाली संगठन, को नई उर्जा प्रदान करने वाले युवा नेता है। उन्हें संगठन का बेहतरिन अनुभव है। नगर पालिका के सामने आतिशबाजी कर मिठाई बांटी गई। इस दौरान विश्णु चुलेट पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र भातरी पंचायत समिति सदस्य रिछपाल ब्राजिया, रामकिशन सैनी नगर पालिका उपाध्यक्ष अमित कुमार संजय डाकयला, महेन्द्र बलौदा, महेन्द्रबावलिया, विश्णु गंगावत देवन्द्र महश्वरी, शीतल दुम्बीवाल, अरूण बावडिका सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नांगल ग्राम पंचायत को बहाल करने के लिए आपत्ति दर्ज कराई

निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** जिला परिषद झुंझुनू के पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन में नांगल ग्राम पंचायत को गुढ़ागौड़जी पंचायत समिति के क्षेत्राधिकार में आने वाली ग्राम पंचायतों के साथ जोड़ने पर स्थानीय जन समुदाय के नागरिकों ने जिला कलेक्टर झुंझुनूं के नाम उपखंड अधिकारी को आपत्ति दर्ज कराई है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि जिला कलेक्टर कार्यालय झुंझुनू ने दिनांक 29 दिसंबर 2025 को जिला परिषद झुंझुनू के निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन का प्रारूप प्रकाशित किया गया था। जिसमें जिला परिषद के पुनर्गठित निर्वाचन क्षेत्र संख्या 14 में उदयपुरवाटी पंचायत समिति सर्किल की ग्राम पंचायतों क्रमश: नांगल, कोट, बागोरा, छापोली, सोकडाला, मंडावरा, जहाज, मणकसास, खोह व पचलंगी को शामिल किया गया था। झुंझुनू जिला



कलेक्टर कार्यालय ने जन साधारण से आपत्ति सुनने के पश्चात 16 जनवरी 2026 को जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्रोंध्वार्डों का अंतिम प्रारूप प्रकाशित किया है, जिसमें नांगल ग्राम पंचायत को जिला परिषद झुंझुनू के पुनर्गठित निर्वाचन क्षेत्र संख्या 19 में शामिल कर दिया गया है, जब कि नांगल ग्राम पंचायत को निर्वाचन क्षेत्र संख्या 14 से 19 में शामिल करने को लेकर स्थानीय जन समुदाय की ओर से कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई थी। इसके बावजूद गुढ़ागौड़जी पंचायत समिति सर्किल में आने वाले जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 19 में नांगल ग्राम पंचायत को जोड़ा गया है। जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 19 में आने वाली सभी ग्राम पंचायतें गुढ़ागौड़जी पंचायत समिति सर्किल की हैं, उक्त निर्वाचन क्षेत्र की ये ग्राम पंचायतें कहीं पर भी नांगल ग्राम पंचायत की सीमा को स्पर्श नहीं करती हैं। जब कि उदयपुरवाटी पंचायत समिति मुख्यालय से नांगल ग्राम पंचायत लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। बगैर आपत्ति दर्ज करा, नांगल ग्राम पंचायत को जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 19 में शामिल किया गया है। स्थानीय जन समुदाय की जन भावनाओं को मध्य नजर रखते हुए नांगल ग्राम पंचायत को जिला परिषद झुंझुनू के पुनर्गठित निर्वाचन क्षेत्र संख्या 14 में शामिल किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में एडवोकेट ताराचंद सैनी नांगल, जयसिंह शेखावत, कैलाश चंद्र सैनी चक नांगल, हजारीलाल मीणा, लालचंद इसरोद, जीएसएस कोट अध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, योगेंद्र सिंह सैनी नांगल, महेंद्र वर्मा, दिनेश सैनी, जितेंद्र सैनी, पंकज सैनी, झाबरमल सैनी, वैभव सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सैनी बने प्रदेश संगठन सचिव



**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** ढाणा निवासी प्रभुराम सैनी सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश संगठन सचिव नियुक्त किए गए। प्रभुराम सैनी को यह जिम्मेदारी संस्था निदेशक नंदकिशोर सैनी के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेश कुमार ने नियुक्त किया। प्रभुराम सैनी के प्रदेश संगठन सचिव नियुक्त करने पर सैनी समाज में खुशी की लहर दौड़ गई साथ ही समाज के गणमान्य लोगों का मानना है कि संगठन को मजबूती मिलेगी।

# तमिलनाडु गवर्नर का बिना स्पीच दिए विधानसभा से वॉकआउट

## कहा- राष्ट्रगान का फिर अपमान हुआ; सीएम स्टालिन बोले- ये असेंबली की बेइज्जती



**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा सत्र के दौरान मंगलवार को सदन में फिर हाईलेवल ड्रामा हुआ। राज्यपाल आरएन रवि एक बार फिर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप लगाते हुए स्पीच दिए बिना ही असेंबली से बाहर चले गए। पिछले सालों की तरह गवर्नर ने कहा कि तमिल गान के बाद राष्ट्रगान बजाया जाए। लेकिन स्पीकर अप्पावु ने इसके लिए मना कर दिया। इसके बाद गवर्नर रवि शुरुआती भाषण पढ़े बिना ही विधानसभा से बाहर चले गए। इससे पहले 2024-25 में भी वे ऐसा कर चुके हैं। राज्यपाल ने आरोप लगाया कि उनके भाषण में रुकावट डाली गई। उन्होंने कहा कि मैं निराश हूं। राष्ट्रगान को उचित सम्मान नहीं दिया गया। गवर्नर के वॉकआउट के बाद विपक्षी एआईएडीएमके के नेता भी असेंबली से बाहर चले गए और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं तमिलनाडु सीएम ने इसे असेंबली का अपमान बताया है।

**लोक भवन बोला- गवर्नर का माइक बंद किया**-राज्यपाल के असेंबली से बाहर जाने के बाद लोक भवन ने प्रेस रिलीज जारी की। रिलीज में कहा गया कि एक बार फिर राष्ट्रगान का अपमान किया गया। गवर्नर का माइक बार-बार बंद किया गया। उन्हें बोलने नहीं दिया गया।

**सीएम बोले- राज्य को गवर्नर की क्या जरूरत**-तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि यह कदम सदन की बेइज्जती करता है और असेंबली के प्रोटोकॉल के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि मैं सीएन अन्नादुराई की बात याद दिलाना चाहूंगा जिन्होंने पहले कहा था, बकरे को दाढ़ी की क्या जरूरत है, और राज्य को गवर्नर की क्या जरूरत है। सीएम ने कहा कि गवर्नर पब्लिक प्लेटफॉर्म पर सरकार के खिलाफ गलत कैंपेन फैला रहे हैं। विधानसभा में इसी तरह का कदम उठाने की उनकी कोशिश मंजूर नहीं है।

# ग्रीनलैंड के साथ कनाडा-वेनेजुएला पर अमेरिकी झंडा

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नए पोस्ट ने मचाया हड़कंप!

नई दिल्ली।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पुरानी तस्वीर साझा की, जिसमें वे अन्य यूरोपीय नेताओं के साथ हैं और अमेरिकी ध्वज में कनाडा, ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को संयुक्त राज्य अमेरिका का हिस्सा दिखाया गया है। तस्वीर में ट्रम्प ओवल ऑफिस में बैठे हुए हैं, उनके साथ नाटो के नेता भी हैं, जिनमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, इटली की जॉर्जिया मेलोनी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन शामिल हैं। एक पोस्ट में ट्रंप को उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ ग्रीनलैंड में अमेरिकी ध्वज फहराते हुए देखा जा सकता है, जिस पर एक माइलस्टोन लगा है जिस पर लिखा है, ग्रीनलैंड अमेरिकी क्षेत्र, स्थापना 2026।

### कनाडा, ग्रीनलैंड और वेनेजुएला पर ट्रंप का रुख

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के तुरंत बाद, ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका दक्षिण अमेरिकी देश को तब तक अपने अधीन रखेगा जब तक कि हम एक सुरक्षित, उचित और विवेकपूर्ण सत्ता हस्तांतरण सुनिश्चित नहीं कर लेते। बाद में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने 8 जनवरी को इस रुख को दोहराते हुए कहा ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला के अंतरिम अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। जाहिर है, इस समय वेनेजुएला के अंतरिम अधिकारियों पर हमारा पूरा प्रभाव है... उनके फैसले संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा निर्देशित होते रहेंगे। पिछले साल ट्रंप ने सुझाव दिया था कि कनाडा अमेरिका का 51वां राज्य बने। चुनाव जीतने के तुरंत बाद, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मई में अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप के इस सुझाव को सिरे से खारिज कर दिया था कि कनाडा अमेरिका का 51वां राज्य बने। उन्होंने कहा था, इच्छाओं और वास्तविकता में अंतर करना महत्वपूर्ण है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ग्रीनलैंड के मुद्दे पर नाटो के महासचिव मार्क रुट्टे से टेलीफोन पर बातचीत की और कहा कि वे दावोस में कई पक्षों से मिलेंगे। उन्होंने ग्रीनलैंड पर अपने रुख को दोहराते हुए इसे अमेरिकी और विश्व सुरक्षा के लिए अभिन्न अंग बताया।

### अमेरिका ने ग्रीनलैंड के पिटुफिक बेस पर सैन्य विमान तैनात किए

अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा अर्ध-स्वायत्त डेनिश क्षेत्र ग्रीनलैंड को अधिग्रहित करने के कदम के बाद बढ़ते तनाव के बीच, उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) द्वारा यह कहे जाने के कुछ घंटों बाद ट्रंप का यह बयान आया कि




संयुक्त राज्य अमेरिका ग्रीनलैंड के एक महत्वपूर्ण सैन्य अड्डे पर विमान तैनात करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) के अनुसार, विभिन्न दीर्घकालिक नियोजित गतिविधियों में सहयोग के लिए विमान जल्द ही पिटुफिक स्पेस बेस पर पहुंचेंगे।

# आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट बोला- हमारी टिप्पणियां मजाक नहीं

## मौत मामले में डॉग फीडर्स भी जिम्मेदार; हर जगह स्थानीय प्रशासन फेल



नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, 'आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।' कोर्ट ने कहा- पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। हम गंभीर हैं। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने कहा- कोर्ट निजी पक्षों की दलीलें पूरी करके आज ही सुनवाई खत्म करना चाहती है। इसके बाद राज्यों को एक दिन का मौका दिया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने मेनका गांधी पर नाराजगी जताई

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के वकील राजू रामचंद्रन से सवाल किया कि आप कोर्ट को संयम बरतने का कह रहे है, लेकिन क्या आपने देखा है कि आपकी मुवक्किल (मेनका गांधी) किस तरह के बयान दे रही हैं? उनके पॉडकास्ट और बॉडी लैंग्वेज तक पर सवाल उठते हैं। कोर्ट ने कहा कि मेनका गांधी ने अदालत के आदेशों को लेकर बिना सोचे-समझे टिप्पणियां की हैं, जो अवमानना के दायरे में आती हैं। हालांकि बेंच अपनी उदारता के चलते कोई कार्यवाही शुरू नहीं कर रही है। जस्टिस संदीप मेहता ने सवाल किया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थीं, तब उन्होंने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया। इस पर रामचंद्रन ने कहा- बजट नीति का विषय है। उन्होंने अजमल कसाब जैसे मामलों में भी पैरवी की है। रामचंद्रन की टिप्पणी पर जस्टिस विक्रम नाथ ने सख्त लहजे में कहा- अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन आपकी मुवक्किल ने की है।

# राजस्थान में सोना 1.50 लाख, चांदी 3.12 लाख के ऑल टाइम हाई पर पहुंची

जयपुर।

दुनियाभर के वैश्विक बाजारों में जारी अस्थिरता का सीधा असर कीमती धातुओं पर देखने को मिल रहा है। इसी के चलते भारतीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मंगलवार को राजस्थान में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में एक ही दिन में 4500 रुपए की तेजी दर्ज की गई। इसके बाद 10 ग्राम सोना 1 लाख 50 हजार 250 रुपए के ऑल टाइम हाई स्तर पर पहुंच गया। वहीं, चांदी की कीमतों में भी रिकॉर्ड उछाल देखने को मिला है। एक दिन में 12 हजार रुपए की तेजी के बाद 1 किलो चांदी की कीमत 3 लाख 12 हजार रुपए पर पहुंच गई है, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।

**सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी**-जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष भवानी सिंह ने बताया कि बीते कुछ समय से सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। लेकिन हाल के दिनों में दोनों धातुओं ने अपने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कीमतों में भारी उछाल के चलते सर्राफा बाजार में खरीदारों की संख्या घट गई है। हालांकि, कई लोग ऊंचे दामों का फायदा उठाते हुए सोना और चांदी बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं।

**चांदी 3 लाख 20 हजार रु प्रति किलो तक पहुंच सकती**-उन्होंने कहा कि अगर फरवरी के अंत तक वैश्विक बाजार में इसी तरह की अस्थिरता बनी रहती है तो सोने की कीमत डेढ़ लाख रुपए का आंकड़ा पार कर सकती है। जबकि चांदी 3 लाख 20 हजार रुपए प्रति किलो तक पहुंच सकती है। जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी ताजा भाव के अनुसार, जयपुर में 24 कैरेट सोना 10 ग्राम के लिए 1 लाख 50 हजार 250 रुपए, जबकि 22 कैरेट सोना 1 लाख 40 हजार 500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं 18 कैरेट सोना 1 लाख 17 हजार 200 रुपए और 14 कैरेट सोना 93 हजार 200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। इसके साथ ही रिफाइन चांदी की कीमत 3 लाख 12 हजार रुपए प्रति किलो दर्ज की गई है।

# एसआई-भर्ती पेपरलीक में हाईकोर्ट ने पूछा-गोपनीय रिपोर्ट किसने लीक की

## ऐसा होना गंभीर मामला, एसओजी एडीजी से पूछा- लीक पर क्या कार्रवाई की

जयपुर।

सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती-2021 मामले में हाईकोर्ट ने एसओजी की गोपनीय रिपोर्ट लीक होने को गंभीर माना है। वहीं, अदालत ने एसओजी एडीजी को रिपोर्ट लीक होने के संदर्भ में अब तक की गई जांच की जानकारी देने के लिए 2 फरवरी को कोर्ट में तलब किया हैं। जस्टिस एसपी शर्मा की खंडपीठ में सरकार ने एसओजी की अब तक की तथ्यात्मक रिपोर्ट बंद लिफाफे में पेश की थी। इसका विरोध करते हुए मूल याचिकाकर्ता के वकील हरेन्द्र नील ने कहा कि हमें भी रिपोर्ट की कॉपी उपलब्ध करवाई जाए। बंद लिफाफे में पेश रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने कई आदेशों में सही नहीं माना हैं। इस पर कोर्ट ने उनसे पूछा कि आपको 13 अगस्त 2024 की एसओजी की गोपनीय रिपोर्ट (भर्ती रद्द करने की सिफारिश वाली) कहां से मिली। हम उन लोगों पर भी कार्रवाई करेंगे, जिन्होंने आपको गैरकानूनी तरीके से गोपनीय दस्तावेज उपलब्ध करवाए।

### एसओजी ऑफिस कॉम्प्रोमाइज हो चुका है

इस पर अदालत ने कोर्ट में मौजूद एसओजी एडीजी विशाल बंसल से पूछा कि क्या आपको इसकी जानकारी है कि आपके कार्यालय से गोपनीय दस्तावेज लीक हुए हैं इस पर एडीजी ने स्वीकार किया कि उन्हें इसकी जानकारी है। अदालत ने कहा कि आपका ऑफिस कॉम्प्रोमाइज हो चुका हैं। सोमवार को हमें जानकारी मिली थी कि आपके ऑफिस में पदस्थापित एक कॉन्स्टेबल इस मामले में याचिकाकर्ता हैं। क्या उसने दस्तावेज लीक किए? इस पर एडीजी विशाल बंसल ने कहा कि कॉन्स्टेबल एसओजी में पदस्थापित जरूर हैं, लेकिन वो जांच का हिस्सा नहीं हैं। यह लीक हमारे ऑफिस से नहीं हुआ हैं, लेकिन हम इसकी जांच करेंगे। इस पर अदालत ने एसओजी एडीजी को 2 फरवरी को विस्तृत जांच रिपोर्ट के साथ पेश होने के निर्देश दिए।

# असम में भीड़ ने घरों-चौकी में आग लगाई, हाइवे जाम

## कोकराझार में इंटरनेट बंद; देर रात मॉब लिंचिंग में एक की मौत हुई थी



**कोकराझार।** असम के कोकराझार में बोडो समुदाय और आदिवासियों के बीच झड़प हो गई। इसके बाद दोनों समुदायों ने घरों और करिगांव पुलिस चौकी में आग लगा दी। भीड़ ने टायरों में आग लगाकर करिगांव के पास नेशनल हाइवे जाम कर दिया। कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ते देख प्रशासन ने रैपिड एक्शन फोर्स तैनात कर दी है। एहतियात के तौर पर क्षेत्र में अगले आदेश तक इंटरनेट पर भी रोक लगा दी है। दरअसल, सोमवार रात करिगांव चौकी के पास मानसिंह रोड पर एक गाड़ी ने दो आदिवासी समुदाय के लोगों को टक्कर मार दी थी। कार में बोडो समुदाय के तीन लोग सवार थे। हादसे के बाद कार सवार लोगों को आस-पास के आदिवासी ग्रामीणों ने पीटा और गाड़ी में आग लगा दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

**इलाज के दौरान घायल की मौत**-देर रात हुए भीड़ के हमले के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां सिखना ज्वह्लाओ बिस्मित उर्फ राजा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह ठेकेदार मोरांडा बसुमतारी का दामाद था, जो इलाके में चल रही सड़क निर्माण परियोजना से जुड़े हैं। इस हमले में प्रभात ब्रह्मा, जुबिराज ब्रह्मा, सुनील मुर्मू और महेश मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉक्टरों के अनुसार, प्रभात ब्रह्मा की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर और इमरजेंसी सर्विसेज की टीम मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। हालांकि, कोकराझार और आसपास के इलाकों में अब भी तनाव का माहौल है। पुलिस ने कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**सीएम ने लोगों से शांति की अपील की**-असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कोकराझार में बढ़ते तनाव पर क्षेत्र के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने सामान्य स्थिति बहाल करने में तेजी लाने के लिए सामुदायिक और राजनीतिक नेताओं से पूरे सहयोग का आग्रह किया।

**पिछले साल दिसंबर में भी असम में हिंसा हुई थी**-पिछले साल 22 दिसंबर को भी असम के कार्बी आंगलोंग जिले में हिंसा भड़की थी। विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों से जुड़े आंदोलनकारी कार्बी आंगलोंग और पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिलों में पेशेवर चराई रिजर्व और ग्रामीण चराई रिजर्व में अवैध रूप से रह रहे लोगों को हटाने की मांग कर रहे थे।

## लड़ते रहें...डरे नहीं: रायबरेली में राहुल गांधी बोले-

# सरकार ने धर्म का आडंबर ओढ़ा है, जिसे बेनकाब करना जरूरी

नई दिल्ली।

रायबरेली में सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को भुएमऊ गेस्ट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें लड़ते रहना है और डरना नहीं है। उन्होंने वर्तमान भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार धर्म का आडंबर ओढ़े हुए है, जिसे बेनकाब करना आवश्यक है। बैठक में आगामी पंचायत चुनावों में उम्मीदवारों के चयन और पार्टी की रणनीति पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

राहुल गांधी ने कहा, हमारी तीन टर्म की सरकार में मनरेगा का जो कांसेप्ट था, उसमें पंचायतों को जिम्मेदारी देने की बात थी। उनको फाइनेंसियल रिस्पांसिबिलिटी दी जाए। उस दौरान दूसरा लक्ष्य था कि हिंदुस्तान के जो गरीब लोग हैं, उनके लिए मिनिमम वेज बने। जिससे कम कहीं भी किसी को वेज न मिले।

### नरेंद्र मोदी यह नहीं चाहते हैं

नरेंद्र मोदी यह नहीं चाहते हैं। वह पावर को पावर कांसेप्टेड करना चाहते हैं। वह पावर को अपने हाथों में लेना चाहते हैं और ब्यूरोक्रेसी के हाथों में डालना चाहते हैं। वह गरीबों को भूखा मारना चाहते हैं। मुख्य बात यह नहीं है कि मनरेगा का नाम बदला गया है,लेकिन नाम बदल कर गांधी जी का अपमान जरूर किया गया है। उससे बड़ी बात है कि जो गरीब जनता है, उससे प्रोटेक्शन हटा दिया गया है। हमारी थर्ड टर्म गर्वमेंट की जो सोच थी, उसकी जड़ को काटा गया है।

कांग्रेस पार्टी पूरे देश में मनरेगा को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। जो मजदूरी करते हैं उनकी सुरक्षा में लगे हुए हैं। नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि देश का पूरा धन अदानी और अंबानी के साथ में चला जाए, एक तरफ हम जनता की रक्षा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी देश की जनता का पैसा खींच कर अदानी और अंबानी को देने में लगे हैं।



### युवा शक्ति पर कांग्रेस का जोर

राहुल गांधी ने पार्टी की युवा शक्ति को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। इस संकेत से यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस आगामी पंचायत चुनावों में युवा चेहरों पर भरोसा जता सकती है। पार्टी का मानना है कि युवा जोश और नए विचारों से संगठन को मजबूती मिलेगी और जमीनी स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया जा सकेगा।

### विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

इस अवसर पर, सांसद राहुल गांधी ने 31 विकास कार्यों का लोकार्पण किया और आठ नए कार्यों का शिलान्यास भी किया। इन विकास परियोजनाओं से क्षेत्र की जनता को लाभ मिलने की उम्मीद है। इसके बाद, उन्होंने रायबरेली प्रीमियर लीग का उद्घाटन किया, जिससे स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

### पालिका अध्यक्ष से की मुलाकात

विकास कार्यों के उद्घाटन और खेल आयोजन के पश्चात, राहुल गांधी नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर के आवास पर पहुंचे। उन्होंने वहां पालिका अध्यक्ष से मुलाकात की और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की। इस मुलाकात को राजनीतिक गलियारों में अहम माना जा रहा है।

### चौपाल के बहाने सियासी जमीन मजबूत करेंगे राहुल

ऊंचाहार के उमरन गांव में राहुल गांधी की मनरेगा चौपाल में भारी भीड़ उमड़ी है। पंडाल लोगों से खचाखच भरा हुआ है। हाथों में ग्रामीण स्लोगन लिखी तख्ती लिए हुए हैं। 2023 के लोकसभा चुनाव बाद पहली बार राहुल गांधी की चौपाल में इतनी भीड़ उमड़ी है। ऊंचाहार में हालिया जो राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है, उसमें यह चौपाल खासी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। राहुल इस चौपाल के माध्यम से न केवल केंद्र सरकार को घेरेंगे बल्कि ऊंचाहार की राजनीति जमीन को भी खाद पानी देंगे। इस चौपाल के बाद से जिले के राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तन आने की भी संभावना है। यह क्षेत्र सपा का गढ़ रहा है और भाजपा की इंट्री नहीं हो सकी है, लेकिन भाजपा इंट्री के लिए सब कुछ झोंक रही है। वहीं राहुल गांधी ने सधी हुई रणनीति के मुताबिक ऊंचाहार को चौपाल के लिए चुना। इससे यह भी कयास लग रहे हैं कि यदि विधानसभा में सपा से गठबंधन हुआ तो ऊंचाहार सीट कांग्रेस के खाते जा सकती है।

# अविमुक्तेश्वरानंद बोले- सुप्रीम कोर्ट के कंधे पर बंदूक मत रखो

## इस तरह कब तक बच पाओगे; प्रशासन ने शंकराचार्य होने का सबूत मांगा था



प्रयागराज।

प्रयागराज में रथ रोकने को लेकर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने माघ मेला प्रशासन पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के कंधे पर बंदूक रखकर जो गलती प्रशासन से हुई है, उसको ये लोग पीछे करना चाह रहे। सुप्रीम कोर्ट का गलत हवाला देकर ये लोग कब तक बच पाएंगे? खुद सरकार ने महाकुंभ में एक पत्रिका छापी थी, उसमें मुझे शंकराचार्य के रूप में छापा था। इससे पहले धरने पर बैठे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को माघ मेला प्रशासन ने नोटिस दिया। मेला प्राधिकरण ने उन्हें 24 घंटे में यह साबित करने को कहा है कि वे ही असली शंकराचार्य हैं। सोमवार रात 12 बजे कानूनगो अनिल कुमार माघ मेला में शंकराचार्य के शिविर पहुंचे। उन्होंने शंकराचार्य के शिष्यों से नोटिस लेने के लिए कहा। शिष्यों ने नोटिस लेने से मना कर दिया। कहा- इतनी रात में कोई नहीं हैं। सुबह आइएगा। कानूनगो अनिल कुमार मंगलवार सुबह फिर शंकराचार्य शिविर पहुंचे। वहां गेट पर नोटिस चस्पा कर दिया। नोटिस मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की ओर से जारी किया गया है। दरअसल, ज्योतिषपीठ में शंकराचार्य की पदवी को लेकर अविमुक्तेश्वरानंद और वासुदेवानंद के बीच विवाद है। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसी बात को आधार बनाकर प्रयागराज माघ मेला प्रशासन ने नोटिस जारी किया। ज्योतिषपीठ में शंकराचार्य पद का मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। कोर्ट ने 14 अक्टूबर, 2022 को आदेश दिया था कि जब तक इस केस का अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक किसी को भी शंकराचार्य घोषित नहीं किया जा सकता, न ही किसी का पट्टाभिषेक किया जा सकता है। कोर्ट ने इस पद पर किसी को बैठाने पर रोक लगाई है। मामले में अब तक कोई नया आदेश नहीं आया है। केस अभी भी कोर्ट में लंबित है। बावजूद इसके माघ मेले के दौरान अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने शिविर में लगे बोर्ड पर खुद को ज्योतिषपीठ का शंकराचार्य लिखा है। इस कृत्य से सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना हुई है। 24 घंटे में बताएं कि खुद को शंकराचार्य कैसे लिख रहे हैं।

**अविमुक्तेश्वरानंद बोले- मैं हूं ज्योतिषपीठ का शंकराचार्य**-इससे पहले, सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- शंकराचार्य वो होता है जिसे बाकी 3 पीठ शंकराचार्य कहते हैं। 2 पीठ हमें शंकराचार्य कहते हैं।

## डीएम पेडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट बने डॉ. सुरेश जाट



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** राजस्थान के चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ गई है। राजकीय उप जिला अस्पताल रींगस में कार्यरत डॉ. सुरेश जाट ने एम्स की डीएम पेडियाट्रिक कार्डियोलॉजी प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया प्रथम रैंक प्राप्त कर प्रदेश के पहले डीएम पेडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट बनने का गौरव हासिल किया है। डॉ. जाट ने इस अत्यंत प्रतिस्पर्धी परीक्षा में 70 प्रतिशत अंक अर्जित किए, जबकि द्वितीय रैंक 58 प्रतिशत अंकों पर रही। यह सफलता उनकी वर्षों की निरंतर मेहनत, स्पष्ट लक्ष्य और अनुशासित अध्ययन का परिणाम है। वर्तमान में वे राजकीय उप जिला अस्पताल रींगस में सेवाएं दे रहे हैं तथा अब आगे की उच्च शिक्षा के लिए एम्स दिल्ली से डीएम पेडियाट्रिक कार्डियोलॉजी की पढ़ाई करेंगे। डॉ. सुरेश जाट की इस उपलब्धि पर राजकीय उप जिला अस्पताल रींगस में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। पीएमओ डॉ. रामावतार दायमा के नेतृत्व में अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्टाफसदस्यों ने डॉ. जाट का साफा पहनाकर एवं माला पहनाकर सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह निठारवाल ने कहा कि वे और डॉ. सुरेश जाट एक ही मेडिकल कॉलेज से शिक्षित हैं। उन्होंने बताया कि डॉ. जाट ने मेडिकल कॉलेज के समय से ही एम्स में डीएम पेडियाट्रिक कार्डियोलॉजी को लक्ष्य बनाकर निरंतर मेहनत की और आज सेवा के साथ उस लक्ष्य को प्राप्त किया है। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि डॉ. सुरेश जाट की यह उपलब्धि प्रदेश में हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के उपचार की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ेगी। इससे भविष्य में राजस्थान के बच्चों को उन्नत और विशेषज्ञ उपचार अपने ही प्रदेश में उपलब्ध हो सकेगा। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुखदेव महला डॉ. जितेंद्र यादव डॉक्टर अविकेश अग्रवाल सुनील गढ़वाल विकास अग्रवाल अशोक शर्मा मोतीराम मोहन यादव जितेंद्र सामोता सहित नर्सिंग कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे.

## अमर शहीद कालानी का बलिदान दिवस आज



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अमर शहीद हेमू कालानी का बलिदान दिवस शहर में बुधवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाएगा। भारतीय सिंधु सभा एवं विभिन्न पूज्य सिंधी पंचायतों के तत्वावधान में शहर के 40 से अधिक स्थानों पर शहीद को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। पूज्य सिंधी पंचायत, सिंधी कॉलोनी राजापार्क, अमरलाल साहिब मंडल एवं अमर शहीद हेमू कालानी सेवार्थ समिति के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार सुबह 8:30 बजे सिंधी कॉलोनी, राजापार्क स्थित शहीद हेमू कालानी पार्क में विराट हिंदू सम्मेलन एवं बलिदान दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें श्री अमरापुर दरबार के संत मोनूराम व पुरसनाराम साहब तथा पुरसनाराम साहब मंडल के मुकेश साध शहीद की वीरता का गुणगान करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अशोक शर्मा मुख्य वक्ता होंगे। इसके अलावा पूज्य सिंधी पंचायत बनीपार्क के कंवर कानन पार्क में सुबह 9 बजे, दादी का फाटक पंचायत कार्यालय में सुबह 9:30 बजे तथा हीरा पथ मानसरोवर में सुबह 10:30 बजे श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर प्रताप नगर, मानसरोवर और थड़ी मार्केट स्थित श्री झूलेलाल मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर भजन, देशभक्ति गीत, दीपदान और माल्यार्पण कर शहीद को नमन किया गया। उल्लेखनीय है कि अमर शहीद हेमू कालानी का जन्म 23 मार्च 1923 को अविभाजित भारत के सक्खर (वर्तमान सिंध) में हुआ था। 19 वर्ष की अल्पायु में 21 जनवरी 1943 को उन्होंने भारत माता के लिए प्राण न्योछावर कर दिए। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश सेना की हथियारों से भरी रेलगाड़ी को नुकसान पहुंचाने के प्रयास में गिरफ्तार किए गए कालानी ने कठोर यातनाओं के बावजूद किसी साथी का नाम उजागर नहीं किया और हँसते-हँसते फांसी के फंदे को चूम लिया।

## मनरेगा बहाल करने को लेकर किया प्रदर्शन



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** कांग्रेस नेता अमित ओला ने मनरेगा को खत्म किए जाने को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मनरेगा गरीबों की रोजी-रोटी का सबसे बड़ा सहारा है लेकिन भाजपा सरकार इसे खत्म कर सीधे तौर पर गरीब मजदूरों के अधिकारों पर हमला कर रही है। यह नीति लाखों गांवों और करोड़ों श्रमिकों के हक की खुली लूट है। इसी जनविरोधी नीति के खिलाफ झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चारणवास में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और महिलाओं ने भाग लिया और मनरेगा को मजबूत करने की मांग उठाई। अमित ओला ने कहा कि मनरेगा सिर्फ रोजगार की योजना नहीं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। सरकार की लापरवाही और बजट कटौती से मजदूरों को समय पर काम और मजदूरी नहीं मिल पा रही है। कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार से मनरेगा को पूरी तरह लागू करने, मजदूरी समय पर देने और रोजगार के दिनों में बढ़ोतरी की मांग की। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और ग्रामीणों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान गिडानिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुमेर सिंह महला, पूर्व सरपंच महेश चाहर, खलील बुडाना, सचिन कटिवाल, नाहर सिंह गुर्जर आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# भामाशाह मित्तल द्वारा ओम गौ सेवा केंद्र को एम्बुलेंस भेंट

निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** दांता निवासी एवं कोलकाता प्रवासी भामाशाह बनवारी लाल मित्तल के द्वारा अपने पिताजी स्व. सांवरमल मित्तल एवं माताजी स्व. गोमती देवी की पुण्य स्मृति में ओम गौ सेवा केंद्र दांता में बीमार, असहाय, घायल गौवंश को लाने हेतु गौ माता के लिए एक लिफ्ट युक्त एम्बुलेंस भेंट की।

भामाशाह प्रेरक घीसालाल छीपा ने बताया कि भामाशाह मित्तल के द्वारा ओम गौ सेवा केंद्र दांता में एम्बुलेंस भेंट की जिसका उद्घाटन मंगलवार को गणमान्यजनों की उपस्थिति में राजस्थान के सुप्रसिद्ध कथावाचक चन्द्र प्रकाश शास्त्री द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ बछिया के पदचिह्नों की छाप लगाकर उद्घाटन किया तथा एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भामाशाह बीएल मित्तल भी विडियो कॉलिंग के माध्यम से ऑनलाइन रहकर उपस्थित गणमान्यजनों से बातचीत की। भामाशाह प्रेरक घीसालाल छीपा ने बताया कि इससे पहले भी



भामाशाह मित्तल द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में दांता में कई कार्य करवाए हैं, जिनमें पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्री गौपाल गौशाला दांता, प्राचीन शिव मठ मंदिर, रामदेवजी मंदिर, श्री नलापति बालाजी मंदिर सहित अन्य जगहों पर लाखों के कार्य करवाए गए। इस दौरान दांता में 28 जनवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर पोस्टर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान के सुप्रसिद्ध कथावाचक चन्द्र प्रकाश शास्त्री, शिव मठ के महंत नर्मदापुरी महाराज, निवर्तमान नगरपालिका उपाध्यक्ष कैलाश रावोरिया, राष्ट्रपति से सम्मानित मदनलाल कुमावत, घीसालाल छीपा, भामाशाह भंवरलाल सिरस्वा, चिरंजी लाल ठेकेदार, गोविन्द राम नेमीवाल, भंवरलाल जलिंद्रा, ओमप्रकाश कुमावत, रामनिवास भामू, कानाराम मुवाल, अमित जैन, गौशाला संचालक भरत सांखला सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे।

गौशाला परिवार समिति तथा गणमान्यजनों द्वारा भामाशाह बीएल मितल का इस नेक सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

### निःस्वार्थ गोसेवा की मिसाल

ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे निःस्वार्थ गोसेवा की प्रेरणा बताया। दानदाता के इस प्रयास की प्रशंसा की। इस एम्बुलेंस के माध्यम से अब घायल और बीमार मवेशियों को समय पर इलाज मिल सकेगाए जिससे उनके जीवन को बचाने में मदद मिलेगी।

# जागरूकता अभियान चलाया

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** बाल अधिकारिता विभाग सीकर सहायक निदेशक डॉ. गार्गी शर्मा के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम द्वारा बाल विवाह के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन जिला समन्वयक राहुल दानोदिया ने बताया कि यह कार्यक्रम रुकमणि साबू राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय लोसल सीकर में आयोजित किया गया, जहां उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों को बाल विवाह नहीं करने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास को प्रभावित करती है।

उन्होंने कहा कि श्बाल विवाह रोकना केवल कानून की नहीं, बल्कि समाज की भी जम्मिदारी है। उन्होंने उपस्थित लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की जानकारी दी और बताया कि इस अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह में शामिल होने वाले चाहे वह हलवाई, टेंट वाला, डीजे ऑपरेटर, फोटोग्राफर या बाराती ही क्यों न हों सभी को 2 वर्ष तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी को भी बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या जिला प्रशासन को सूचित करें।

सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, तथा गुड टच-बैड टच की अवधारणा के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

टीम ने बालकों को यह समझाया कि स्वयं की सुरक्षा के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है।

विद्यालय के प्रिंसिपल राजेश शर्मा ने चाइल्ड हेल्पलाइन की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक और सामाजिक संस्थानों की भूमिका बाल विवाह जैसी कुरीतियों के उन्मूलन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि यदि कहीं भी बाल विवाह की तैयारी होती दिखाई देए तो निसंकोच प्रशासन या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचित करें। डॉ. गार्गी शर्मा ने बताया कि बाल अधिकारिता विभाग की ओर से ऐसे जागरूकता अभियानों की श्रृंखला आगामी दिनों में भी जिले के विभिन्न विद्यालयों, मदरसों एवं समुदायों में जारी रहेगी, ताकि बाल विवाह मुक्त सीकर का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इस जागरूकता कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन टीम से काउंसलर राकेश चिराणिया, केस वर्कर कृष्णकांत मौजूद रहे।

# 768 किलोग्राम बेसन को सीज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को विभाग की एफएसओ की टीम ने नीमकाथाना में कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ. टी शुभमंगला व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत जिले में खाद्य वस्तुओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। एफएसओ फुलसिंह बाजिया, महमूद अली, सुरेश कुमार शर्मा की टीम ने मंगलवार को नीमकाथाना के औद्योगिक क्षेत्र में नृसिंह इंडस्ट्रीज का निरीक्षण किया। यहां से बेसन का सैम्पल लिया और मिलावट की आशंका पर 768 किलोग्राम बेसन को सीज किया। इस दौरान जोधपुर स्वीट्स होम सिरोही बस स्टैण्ड के यहां से मावा बफी, अन्नपूर्णा मिष्ठान भंडार के यहां से मावा मिठाई का सैम्पल लिया। सभी सैम्पलों को जांच के लिए जयपुर स्थित जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। एफएसओ महमूद अली ने बताया कि नीमकाथाना शहर व सिरोही में मिठाई विक्रेताओं, खाद्य वस्तुओं का कोराबार करने वाले व्यापारियों को एफएसएसएआई के नियमों की जानकारी दी गई और उनका पालन करने के लिए पाबंद किया गया। वहीं खाद्य लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर में 84 लाइसेंस जारी किए गए।

# 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में रोमांच चरम पर

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया के तत्वावधान में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर-14, बालक वर्गद्ध के अंतर्गत 20 जनवरी 2026 मंगलवार को एसबीएस ग्रुप ऑफ एजुकेशन सबलपुरा, सीकर में लीग चरण के मुकाबलों ने खेल प्रेमियों को रोमांचित कर दिया। पूरे दिन चले मैचों में युवा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली परिचय दिया। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण के प्रतिभाशाली बल्लेबाज वंश टेवटिया रहे, जिन्होंने मात्र 72 गेंदों पर 197 रनों की विस्फोटक और यादगार पारी खेली। उनकी इस ऐतिहासिक पारी में 30 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। वंश की इस तूफानी बल्लेबाजी के दम पर ने कर्नाटक को 114 रनों से पराजित किया। वंश टेवटिया की यह पारी प्रतियोगिता की अब तक की सर्वश्रेष्ठ पारियों में शामिल मानी जा रही है। ग्राउंड-01 एवं ग्राउंड-03 पर खेले गए मुकाबलों में महाराष्ट्र ने गुजरात को 52 रनों से पराजित किया। जम्मू-कश्मीर ने राजस्थान को 49 रनों से तथा महाराष्ट्र को 7 विकेट से हराया। उत्तराखंड ने हरियाणा को 3 विकेट से शिकस्त दी। मध्य प्रदेश ने झारखंड को 6 विकेट से हराया, जबकि हरियाणा ने झारखंड को 22 रनों से पराजित किया। छत्तीसगढ़ बनाम पंजाब मुकाबले में पंजाब ने 94 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। गोवा के विरुद्ध पंजाब ने 9 विकेट से जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश ने केवीएस को 4 विकेट से हराया। ग्राउंड-04 पर दिल्ली ने आईपीएससी को 16 रनों से पराजित किया, वहीं पश्चिम बंगाल ने पुदुचेरी को 83 रनों से हराया। ग्राउंड-05 पर पश्चिम बंगाल ने केरल को 12 रनों से हराया। बिहार ने को 3 विकेट से पराजित किया। ग्राउंड-06, 07 एवं 08 पर खेले गए मुकाबलों में बिहार ने एनवीएस को 1 विकेट से जीत दर्ज की। चंडीगढ़ ने तेलंगाना को 7 विकेट से हराया। सीआईएससीई ने सीबीएसई डब्ल्यूएसओ को विकेट से पराजित किया। तमिलनाडु ने सीबीएसई डब्ल्यूएसओ को 8 विकेट से हराया। सीबीएसई ने सीबीएसई डब्ल्यूएसओ को 22 रनों से पराजित किया। चंडीगढ़ ने को 8 विकेट से हराया। आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का प्रदर्शन अत्यंत उत्साहजनक रहा है। मुकाबलों में खेल भावना, अनुशासन और तकनीकी कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला।

### आज होंगे लीग चरण के अहम मुकाबले

प्रतियोगिता के अंतर्गत 21 जनवरी 2026 बुधवार को लीग चरण के महत्वपूर्ण मुकाबले खेले जाएंगे। सभी मैदानों पर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा खिलाड़ियों को प्रातः 8:30 बजे ग्राउंड रिपोर्टिंग के निर्देश दिए गए हैं। आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं दर्शकों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

## विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

सीकर (नवयत्न)। महात्मा गॉधी राजकीय विद्यालय आसपुरा में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजीतगढ मोहन लाल डूडी के मुख्यातिथि एवं पीईईओ भागीरथ मल यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को विद्यालय की भामाशाह अध्यापक पूनम यादव द्वारा स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीबीईओ ने कहा कि शुद्ध मनोभाव से आवश्यकता को महसूस कर मदद करना ही सदाचार है। संस्था प्रधान धर्मा जाखड ने कहा कि प्रेरणा दायी कार्य सूकून देने वाला होता है। बतौर विशिष्ट अतिथि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के जिला सदस्य दिनेश, गोविन्द शर्मा ने कहा कि कर्त्तव्य निष्ठ कर्मचारी का दायित्वबोध सकारात्मक सोच के साथ इस प्रकार के सहयोग से ही झलकता है। अध्यापक पूनम यादव का भामाशाह के रूप में किया गया कार्य औरो को भी प्रेरित करेगा। अतिथियों ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किये।

## एड्रिनल ग्लैंड के दुर्लभ कैंसर का चिकित्सकों ने किया सफल ऑपरेशन

**जयपुर ( नवयत्न )।** एसआरके ग्रुप ऑफहॉस्पिटल्स के चिकित्सको की टीम ने एड्रिनल ग्लैंड के अत्यधिक जटिल एवं दुर्लभतम कैंसर ट्यूमर की सर्जरी कर समस्या का पूर्ण समाधान करने में सफलता हासिल की है। दरअसल झुंझूनु निवासी 39 वर्षीय एक महिला का हाई ब्लड प्रेशर लगभग 250 तक रहता था, एवं जिसके चलते अत्यधिक ब्लड लॉस होने से हीमोग्लोबीन काफी कम हो गया था एवं विभिन्न शारीरिक समस्याएं दिन ब दिन बढ रही थी। चिकित्सकों की डायग्नोसिस में सामने आया कि किडनी के ऊपर स्थित एड्रिनल ग्लैंड में 10 सेमी. का कैंसर ट्यूमर था। इसे चिकित्सकों ने सर्जरी कर निकालने का निर्णय लिया। सबसे पहले फिजीशि यन डॉ. मधुलिका और कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रघुराज स्वामी ने ऑपरेशन पूर्व बीपी मैनेज किया। इसके बाद कार्डियक सर्जन डॉ. गौरव गोयल, प्रदेश की पहली महिला यूरोलॉजिस्ट डॉ. दीक्षा चौधरी और एनेस्थोलॉजिस्ट डॉ. दीपाली ने यूरोलॉजिस्ट डॉ. राकेश शर्मा के निर्देशन में सर्जरी शुरू की। डॉ. राकेश ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान सबसे चुनौतीपूर्ण तथ्य यह था कि ट्यूमर में से थ्रोम्बस निकलकर रीनल वेन से होता हुआ आईवीसी तक पहुंच चुका था, यदि यह ट्यूमर थ्रोम्बस लंग या हार्ट तक पहुंच जाए तो मरीज की तुरंत जान जा सकती है।


### नाम परिवर्तन

मैं मुली देवी उर्फ सन्तोष देवी पत्नि हनुमान प्रसाद, जाति-जाट, निवासी-वार्ड नं. 4, मौहल्ला जाटों का, समर्थपुरा, ग्राम पंचायत सुजाना, पं. स. खण्डेला, तहसील-खण्डेला, जिला-सीकर (राज.)। मेरे पुत्रों नरेश कुमार व गोकुल चन्द के विद्यालय रिकॉर्ड में मेरा नाम सन्तोष देवी दर्ज है। यह कि मुली देवी एवं सन्तोष देवी दोनों मेरे स्वयं के नाम है मुझे इन दोनों के नाम से जाना व पहचाना जाता है भविष्य में दोनों नामों को लेकर किसी भी प्रकार की जिम्मेवारी मेरी स्वयं की होगी।

### आम सूचना

मेरी अभिभाष्या कमला पत्नी जगदीश प्रसाद जाति राजपूत निवासी ढंढार तहसील पिलानी जिला झुन्झुनूं राजस्थान का पुत्र विक्रम सिंह मेरी मुवक्किला का जाईन्दा पुत्र है जो आवारा किस्म का है तथा अक्सर घर से बाहर आवारा रहता है व मेरी मुवक्किला का उक्त जाईन्दा पुत्र आवारा, बदमाश, बदनियत जराईम पैशा किस्म के लोगो की संगत में रहता है। शराबी है, व्यवहार कुशल नहीं है। ना ही मेरी मुवक्किला का उक्त जाईन्दा पुत्र विक्रम सिंह कहा-सुनना मानता है तथा मेरी मुवक्किला के कहे अनुसार कहे में नहीं चलता है। उक्त विक्रम सिंह मेरी मुवक्किला से अलग रहता है, मेरी मुवक्किला का पुत्र विक्रम सिंह अपनी मन मर्जी से रहन-सहन व लेनदेन, सव्यवहार करता है इसलिये मेरी मुवक्किला अपने उक्त जाईन्दा पुत्र विक्रम सिंह को अपनी समस्त जायदाद, मनकुला, गैर मनकुला, स्वयं अर्जित, पुस्तैनी व पैतृक ग्राम में स्थित सम्पति से वंचित/बेदखल करती है आज के बाद मेरी मुवक्किला का अपने उक्त जाईन्दा पुत्र विक्रम सिंह से कोई किसी प्रकार का सम्बन्ध व तालुकात नहीं रहा है। आज के बाद कोई भी व्यक्ति मेरी मुवक्किला की साख से उक्त विक्रम सिंह से रूपये पैसे का लेनदेन करता है अथवा सव्यवहार करता है तो उसके लिये मेरी मुवक्किला जिम्मेवार नहीं होगी फिर भी कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो वह अपनी स्वयं की जोखिम पर करे।

**एडवोकेट प्रमोद कुमार मांजू**
**कोर्ट परिसर पिलानी, जिला-झुंझुनू ( राज. )**

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता
### जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण पं.स. श्रीमाधोपुर (सीकर)

क्रमांक दिनांक

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के उद्देश्यों, कार्यों के व्यापक प्रचार प्रसार एवं जल के स्थाई समाधान हेतु जन जागृति एवं योजना के सफल एवं सुनियोजित आयोजन हेतु पंचायत समिति अजीतगढ़ में चयनित परियोजना सीकर 01/2021-22 में नारा लेखन/वॉल पेन्टिंग का कार्य करने हेतु राजकीय विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों, से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द लिफाफे में खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण अधिशाषी अभियंता जल ग्रहण एवं भू-संरक्षण, पंचायत समिति श्रीमाधोपुर कार्यालय में http://sppp.raj.nic.in एवं www.watershed.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| NIB No | WSC2526A1312 |
| UBN No | WSC2526WSOB02297 |

(सम्पत कुमार सैनी)
अधिशाषी अभियन्ता
ज.ग्र.वि एवं भू-संरक्षण
पंचायत समिति श्रीमाधोपुर

DIPR/C/962/2026

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT DIVISION SIKAR**
(Tel. 01572-294311, Email. eephedskr@gmail.com)

NO. 8070 Dated 09-01-2026

**NOTICE INVITING BID**

Bid Procurement of Lowering & unlowering of Pump sets from TW/OW and rewinding of Submersible Pump set and Removing leakage & chokage in pipe line under PS Danta Ramgarh & Palsana under Dn Sikar amounting Rs.48.00 lacs are invited from interested bidders upto 11:00 AM date 30-01-2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https:// sppp.rajasthan.gov.in of the state and phedtenders.raj.nic.in department website.

| NIT No | NIB No | UBN No |
|---|---|---|
| 71/25-26 | PHE2526A5217 | PHE2526WSRC10644 |
| 72/25-26 | PHE2526A5217 | PHE2526WSRC10645 |
| 73/25-26 | PHE2526A5217 | PHE2526WSRC10646 |
| 74/25-26 | PHE2526A5217 | PHE2526WSRC10647 |

**(Ram Kumar Chahil)**
Ececutive Engineer
PHED Division Sikar

DIPR/C/761/2026

### कार्यालय राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद्
### जाग्रति राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, लाडनूं

क्रमांक : राजिविका/सीएलएफ/2025-26/74 दिनांक : 20-1-2026

**विज्ञप्ति**

राजीविका सीआईएफ जागृति लाडनूं ब्लॉक द्वारा निम्नलिखित अस्थाई पद के लिए आवदेन आंमत्रित किये जाते है।

| क्र.सं | पद का नाम | ब्लॉक वार कुल पद | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | IFC Anchor | लाडनूं 01 | 1. शैक्षणिक योग्यता- 12th/B.A./B.Sc (कृषि को प्राथमिकता)<br>2. अनुभव - कृषि संबंधित कार्य में अनुभव को प्राथमिकता<br>3. आयु 18 से 45 वर्ष<br>4. स्वयं सहायता समूह की सदस्य/कैडरों को प्राथमिकता |
| 2 | ARP | लाडनूं 01 | 5. मानदेय 7000/- प्रतिमाह<br>6. कृषि सहायक में 12th B.Sc की प्राथमिकता अनुभव कृषि संबंधित कार्य अनुभव को प्राथमिकता।<br>स्वयं सहायता समुह के सदस्य/कैडरों की प्राथमिकता/मानदेय 9000 प्रतिमाह व यात्रा भता अधिकतम 3000 रुपये। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष। |

आवेदन की अंतिम तिथि 5-2-2026 सायं 5 बजे
इस पद के लिए आवेदन शुल्क 200/- है।
आवेदन स्थान-जागृति राजीविका महिला सर्वागीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड कलस्टर लाडनूं ब्लॉक लाडनूं
आवेदन फार्म हेतु सम्पर्क सुत्र - 9883792822
पदों की संख्या आवेदन के साधार पर हटाई या बढ़ाई जा चकती है अन्य शर्त नियम संबंधित कलस्टर के नोटिस बोर्ड पर देखे जा सकते हैं।
किसी भी वाद-विवाद में अंतिम निर्णय जागृति सीएलएफ ब्लॉक लाडनूं की रहेगा।

**मधु कँवर** — अध्यक्ष
**विद्या देवी** — सचिव
**सरिता स्वामी** — कोषाध्यक्ष

## नर्सिंग कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ीनगर के जनसुनवाई केंद्र में मंगलवार को राजस्थान नर्सेज संघर्ष समिति की ओर से विधायक को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने बोनस अंक से विज्ञप्ति जारी करवाने की मांग की है। कर्मचारियों की ओर से विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर को दिए ज्ञापन में बताया कि चिकित्सा विभाग की विभिन्न योजनाओं में कर्मचारी संविदा व निविदा पर हजारों कर्मचारी अल्प वेतन में काम कर रहे हैं। जिनके कार्य करते हुए काफी समय होने पर अब अधिकांश कर्मचारी उम्र के आखिरी पड़ाव में है। विभाग की ओर से पूर्व में भी बोनस अंक लेकर भर्ती की गई थी। अब चिकित्सा विभाग द्वारा नर्सिंग के 12 हजार व एएनएम के 7 हजार पदों पर भर्ती की जाने की स्वीकृति जारी की है। जिसका जल्द बोनस अंक लेकर भर्ती प्रक्रिया शुरू करवाया जाए, जिससे पिछले आठ.दस साल से काम कर रहे कर्मचारियों को लाभ मिल सके। वर्तमान समय में काफी कर्मचारी अल्प वेतन में कार्य करने से मानसिक व आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं। इस दौरान कर्मचारियों ने उनके भविष्य को देखते हुए नियमित भर्ती प्रक्रिया करवाने व बोनस अंक लेकर उचित लाभ देने की मांग की। इस दौरान विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने चिकित्सा मंत्री व मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कर्मचारियों को हितों को ध्यान में रखते हुए उनकी मांगों को पुरा करवाने की मांग की। इस मौके पर सुरेश गुर्जर, सज्जन बजाड़, दिनेश सैनी, अनिल डागर, दिव्या, अर्चना, सुरेश कुमारी, किरोसता, मनीषा, नीलू सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

राजस्थान आईटी लीग

## झुंझुनू आईटी स्टार्स ने पहले ही मैच में शानदार जीत दर्ज की



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के तत्वावधान में 17 जनवरी से 26 जनवरी तक जयपुर में आयोजित हो रही राजस्थान आईटी लीग 2026 में झुंझुनू आईटी स्टार्स ने शानदार आगाज करते हुए अपने पहले ही मुकाबले में डीग वॉरियर्स को 148 रन से करारी शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए झुंझुनू आईटी स्टार्स ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 272 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से कपिल झाझडिया ने मात्र 41 गेंदों पर 104 रन की विस्फोटक शतकीय पारी खेली, जबकि विकास गुर्जर ने 63 रन और विकास सैनी ने 41 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीग वॉरियर्स की टीम दबाव में बिखर गई और 20 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 124 रन ही बना सकी। गेंदबाजी में प्रमोद कुमार ने 2 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। झुंझुनू आईटी यूनियन के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि झुंझुनू आईटी स्टार्स टीम में मनोज पुनिया कप्तान, प्रमोद कुमार, दीपक बाबल, कपिल झाझडिया, अजीत धायल, चंद्रशेखर, विकास सैनी, राकेश डांगी, राकेश कुमार, दिलीप ओलखा, आनंद कुमार, जोगेंद्र सिंह, संदीप सैनी एवं विकास गुर्जर शामिल हैं। टीम की इस शानदार जीत पर खेल प्रेमियों एवं आईटी कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है।

## परिवहन व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई नियम तोड़ने वालों पर भारी जुर्माना



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग एवं पुलिस प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान काटे और उनसे भारी जुर्माना वसूल किया है। परिवहन विभाग की एमवीआई इंस्पेक्टर किरण वर्मा ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा रथ को उपखंड स्तर पर भ्रमण कराया जा रहा है, जिसके माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को लाडनूं के तिरपाल मार्केट के सामने आम लोगों को सड़क हादसों से बचाव, दुर्घटना में घायलों की सहायता करने तथा यातायात नियमों की अनिवार्य पालना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले ओवरलोड डंपरों एवं स्कूल बसों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई, जिसमें करीब सवा लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया। वहीं पुलिस विभाग की ओर से हेड कांस्टेबल बन्नाराम ने बताया कि हाईवे पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 8 वाहनों के चालान काटकर उनसे 4500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारियों ने वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने तथा वाहनों के वैध दस्तावेज साथ रखने के लिए भी जागरूक किया। इस मौके पर गुलजार अली, शिवराज सिंह, सत्यनारायण सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** 132 केवी जीएसएस सुजानगढ़ से निकलने वाले 33 केवी छापर फीडर पर विद्युत तंत्र सुधार एवं मरम्मत कार्य हेतु बुधवार 21 जनवरी को सुबह 8 से 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता मुकेश कुमार देवड़ा ने बताया कि गोपालपुरा, गनोड़ा, गुलेरिया, छापर तथा रणधीसर से निकलने वाले फीडरों के समस्त ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# मनरेगा को सशक्त और पारदर्शी बनाने का स्वरूप है वी.बी. जी. राम जी : अहलावत

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आजादी के 100 वें वर्ष 2047 में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में सामाजिक सरोकार के तहत निर्बल वर्ग को संबल प्रदान करने हेतु मनरेगा योजना को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं स्थायी परिसंपत्ति निर्माण में सहायक बनाने के उद्देश्य से नया स्वरूप दिया गया है।

इसी क्रम में वीबी जी राम जी जनजागरण कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, झुंझुनू विधायक राजेन्द्र भाम्बू, योजना के जिला संयोजक डॉ वीरपाल सिंह एवं जिला मीडिया प्रभारी ललित जोशी मौजूद रहे। मुख्य वक्ता पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने कहा कि वीबी जी राम जी योजना मनरेगा को केवल रोजगार योजना तक सीमित न रखते हुए उसे पारदर्शी, प्रभावी और ग्रामीण विकास से जोड़ने का सशक्त प्रयास है। उन्होंने योजना की आवश्यकता, इसमें किए गए सकारात्मक परिवर्तनों तथा कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार का तथ्यात्मक जवाब दिया।

अहलावत ने बताया कि योजना के अंतर्गत अब 100 के स्थान पर 125 दिन रोजगार का अवसर, बायोमेट्रिक उपस्थिति से फर्जीवाड़े पर रोक तथा कृषि कार्य के समय श्रमिकों को आवश्यक विराम देने की व्यवस्था जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं शामिल की गई हैं, जो श्रमिकों के हितों की रक्षा करती हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी ने योजना को गरीब, श्रमिक और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली बताते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अजय चाहर, महावीर ढाका, प्रकोष्ठ प्रभारी जयप्रकाश सुरा, जिला प्रवक्ता संजय मोरवाल, युवामोर्चा जिलाध्यक्ष जयसिंह मांठ सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## जेएलएफमें विजय राही पहले समाई ग्रांट फॉर क्रिएटिव राइटिंग पुरस्कार से सम्मानित

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल जेएलएफ में स्वर्गीय सविता माली की स्मृति में द पोएट्री ऑफ रिमेंबरेंस सत्र के दौरान पहले समाई ग्रांट फॉर क्रिएटिव राइटिंग पुरस्कार की घोषणा की गई। यह पहला पुरस्कार राजस्थान के युवा कवि और लेखक विजय राही को प्रदान किया गया, जिसके तहत उन्हें 25 हजार रुपए की इनाम राशि का चैक प्रदान किया गया। इस दौरान पर जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की सह-संस्थापक एवं सह-निदेशक नमिता गोखले जोधपुर से सविता माली के पति भरत माली और उनके बच्चे माधवी और अर्थविती उपस्थित रहे। उन्होंने विजय राही को पुरस्कार राशि का चेक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नमिता गोखले ने कहा कि स्वर्गीय सविता माली जेएलएफ में कई वर्षों से नियमित विजिटर रहीं। कैंसर से निधन के बाद उनकी स्मृति में इस पुरस्कार की घोषणा की गई है।

## वरिष्ठ कलाकार जगदीश चंद्र की सोलो आर्ट एग्जीबिशन चित्रांग में दिखे अनुभव के रंग



**जयपुर ( नवयत्न )।** कल्पना को कैनवास पर उकेरने तक के सफर में अपनी कला से पहचान बनाने वाले वरिष्ठ कलाकार जगदीश चन्द्र की सोलो आर्ट एग्जिबिशन चित्रांग का मंगलवार को समापन हुआ। जवाहर कला केंद्र की सुदर्शन आर्ट गैलरी में आयोजित पांच दिवसीय प्रदर्शनी में 25 बड़े कैनवास पर चित्रित कलाकृत्तियों ने दर्शकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान किया है। इनमें जगदीश चन्द्र द्वारा पिछले 10 सालों में तैयार आर्टपीस को शोकेस किया गया जिनमें काल चक्र, ऐतिहासिक इमारतें, राजसी राज-पाठ की धरोहर, श्रृंगार रस और संवेदनाओं से भरे दृश्यों को कूँची और रंगों से उकेरा गया। जगदीश चन्द्र पिछले 50 सालों से कैनवास पर अपनी कला का जादू बिखेर रहे हैं, सभी कलाकृतियों में उनके अनुभव, यात्राओं की स्मृतियों और कलात्मक समझ की झलक साफ नजर आयी। प्रदर्शनी को कला प्रेमियों, विद्यार्थियों, कलाकारों, समीक्षकों और आम दर्शकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। प्रकृति, यात्रा, इतिहास, आध्यात्म और वीरता जैसे विविध विषयों पर आधारित कृतियों ने दर्शकों को न केवल आकर्षित किया बल्कि ठहरकर देखने और महसूस करने के लिए भी प्रेरित किया। प्रदर्शनी के दौरान कलाकार से संवाद, अनौपचारिक चर्चाएँ और चित्रों के अर्थों को समझने की प्रक्रिया ने दर्शकों के अनुभव को और समृद्ध बनाया। जगदीश चंद्र की कृतियों में झलकता जीवनानुभव, स्मृतियाँ और आत्मचिंतन दर्शकों के साथ गहरे स्तर पर जुड़ता नजर आया। समापन अवसर पर आयोजकों द्वारा कलाकार, कला समीक्षकों, सहयोगियों और सभी दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिनकी सहभागिता से यह प्रदर्शनी एक सार्थक और स्मरणीय कला यात्रा बन सकी। बता दें कि गोपालपुरा स्थित चित्रांग द आर्ट स्टूडियो में भी इन प्रदर्शित कलाकृतियों को देखा जा सकता है। जगदीश चंद्र की अन्य रचनाओं एवं नवीन गतिविधियों की जानकारी के लिए उनके इंस्टाग्राम हैंडल पर भी अवलोकन किया जा सकता है।

# भाजपा सरकार स्ट्रीट वेंडर्स की सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध : शर्मा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** स्ट्रीट वेंडर्स दिवस के अवसर पर मंगलवार को सोडाला अजमेर रोड स्थित गीता आश्रम में रेहड़ी-ठेला एवं फुटपाथ व्यवसायियों की एक सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में थड़ी-ठेला व्यवसायियों, सामाजिक संगठनों और यूनियन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभा में हेरिटेज सिटी थड़ी-ठेला यूनियन जयपुर के अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण एवं विनियमन) अधिनियम, 2014 को लागू हुए एक दशक से अधिक समय बीत चुका है लेकिन आज भी यह कानून प्रभावी रूप से जमीन पर लागू नहीं हो पाया है। टाउन वेंडिंग कमेटियों का गठन, वेंडिंग सर्टिफिकेट और वेंडिंग जोन जैसी व्यवस्थाएं अभी भी अधूरी हैं। वक्ताओं ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वेंडर्स के साथ वसूली और उत्पीड़न जैसी समस्याओं का जिक्र किया। मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि ठड़ी-ठेला लगाने वाले भी समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें सम्मान के साथ आजीविका कमाने का पूरा अधिकार है।



उन्होंने कहा कि रेहड़ी-ठेला व्यवसाय गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की रोजी-रोटी का प्रमुख साधन है लेकिन इसके बावजूद उन्हें आए दिन उत्पीड़न और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। विधायक गोपाल शर्मा ने यूनियनों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए और गरीब थड़ी-ठेला व्यवसायियों पर हो रहे अत्याचार तुरंत बंद हों। उन्होंने कहा कि वेंडर्स को सुरक्षित और व्यवस्थित वेंडिंग जोन उपलब्ध कराए जाएं, जहां किसी भी प्रकार की वसूली या सामान जब्ती जैसी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शर्मा ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स को सुरक्षित, सम्मानपूर्ण तरीके से अपनी आजीविका चलाने के लिए सकारात्मक माहौल उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। सभा के अंत में सभी संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय सचिव रेणु जोशी ने सरकार और प्रशासन से स्ट्रीट वेंडर्स के अधिकारों की रक्षा और कानून के पूर्ण क्रियान्वयन की मांग की। जयपुर महानगर थड़ी-ठेला फुटपाथ व्यवसाय संयुक्त संघर्ष समिति, सेंटर फॉर सिविल सोसायटी, सेंटर फॉर पॉलिसी सोल्यूशन, जयपुर के विभिन्न थड़ी-ठेला, फल-सब्जी, रेहड़ी विक्रेता यूनियन के सदस्य और प्रतिनिधिगण भी मौजूद रहे।

# घुमंतू-अर्द्ध-घुमंतू व विमुक्त समाज को मिलेगा स्थायी आवास : अनीश कुमार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीश कुमार नाडार के नेतृत्व में बाबा रामदेव नगर गुर्जर की थड़ी क्षेत्र के घुमंतू-अर्ध-घुमंतू एवं विमुक्त समाज की समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य समाज की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन सौंपना था। अनीश कुमार नाडार ने बताया कि प्रशासन की सजगता और संवेदनशीलता देखकर उन्हें खुशी हुई। जैसे ही कलेक्टर कार्यालय में प्रवेश करते ही कर्मचारियों ने समस्या जानी और कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी ने ज्ञापन लिए बिना ही मौके पर समस्याओं का समाधान कर दिया। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार घुमंतू-अर्ध-घुमंतू और विमुक्त समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि यह समाज पिछले सत्तर वर्षों से सड़क पर जीवन यापन करने को मजबूर



है और आज भी जयपुर सहित प्रदेश की सड़कों पर भीख मांगने वालों में बड़ी संख्या इसी समाज की है। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी पिछले पांच वर्षों से लगातार इनके अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही हैए जिसमें पत्रकार, समाजसेवी और कई जनप्रतिनिधि सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। अनीश कुमार नाडार के अनुसार राज्य सरकार द्वारा लगभग एक लाख आवासीय पट्टे तैयार किए जा चुके हैं। जिनमें से अब तक बीस हजार पट्टे वितरित किए जा चुके हैं। शीघ्र ही विशेष कैंप आयोजित कर शेष पात्र परिवारों को भी पट्टे प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सरकार का आभार जताते हुए कहा कि सामाजिक न्याय की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है। साथ ही मंत्री अविनाश गहलोत और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले से हाशिये पर रहे, अशिक्षा, नशे और अपराध की ओर धकेले गए इस समाज को अब शिक्षा, आवास और सम्मान के साथ मुख्यधारा में जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर संगठन के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। अनीश कुमार नाडार ने विश्वास जताया कि वह दिन दूर नहीं जब घुमंतू-अर्ध-घुमंतू और विमुक्त समाज सदियों से चले आ रहे अभिशाप से मुक्त होकर सम्मानजनक जीवन जी सकेगा।

# अब हाथ से नहीं, सॉफ्टवेयर से बनेंगे एमएलसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट

### एक फरवरी से अनिवार्य होगा मेड, लईएपीआर सॉफ्टवेयर का उपयोग

### लापरवाही बरतने पर एसएचओ और एसपी होंगे व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस अब अपनी कार्यप्रणाली को पूरी तरह पेपरलेस और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के आदेशों के क्रम में अब प्रदेश में मेडिकल लीगल केस एमएलसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पीएमआर तैयार करने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होने जा रही है। आगामी एक फरवरी 2026 से राज्य के सभी पुलिस थानों और चिकित्सालयों में हस्तलिखित रिपोर्टों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

#### ऑनलाइन प्रक्रिया ही होगी मान्य

पुलिस महानिरीक्षक अपराध शाखा परम ज्योति ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय ने 17 नवंबर 2025 को दिए अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में स्पष्ट किया है कि भविष्य में सभी प्रकार की एमएलसी और पीएमआर प्रक्रिया केवल मेडएलईएपीआर सॉफ्टवेयरऔर सीसीटीएनएस के माध्यम से ही संपादित की जाएगी। इस संबंध में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध और महानिरीक्षक पुलिस स्टेट क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

#### अधिकारियों की तय होगी जिम्मेदारी

नए नियमों के अनुसार यदि एक फरवरी के बाद किसी भी प्रकरण में एमएलसी या पीएमआर रिपोर्ट हाथ से बनाई जाती है या सॉफ्टवेयर का उपयोग नहीं किया जाता है, तो इसके लिए संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों की सीधी जवाबदेही तय की गई है। इसके लिए संबंधित थानाधिकारी, अनुसंधान अधिकारी और संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक, जयपुर एवं जोधपुर के पुलिस उपायुक्त एवं पुलिस आयुक्त व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार माने जाएंगे।

#### सीसीटीएनएस से सीधे डाउनलोड होंगी रिपोर्ट

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों के तहत अब एमएलसी और पीएमआर के सभी अनुरोध सीसीटीएनएस के माध्यम से ही जनरेट किए जाएंगे। डॉक्टरों द्वारा तैयार की गई अंतिम रिपोर्ट भी सीसीटीएनएस के जरिए ही डाउनलोड की जाएगी। इस व्यवस्था से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि कानूनी प्रक्रियाओं में मानवीय हस्तक्षेप और दस्तावेजों में हेरफेर की संभावना भी खत्म हो जाएगी। स्टेट क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के महानिरीक्षक अजय पाल लाम्बा ने समस्त जिला पुलिस अधीक्षकों और आयुक्तों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्राधिकार में इन आदेशों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करें।

# गणतंत्र दिवस : राजस्थान पुलिस के जांबाज होंगे सम्मानित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर राजस्थान पुलिस के बेड़े में हर्ष और गौरव का माहौल रहेगा। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा द्वारा पुलिस मुख्यालय परिसर में आयोजित होने वाले भव्य समारोह में प्रदेश के 45 उत्कृष्ट पुलिस अधिकारियों और मंत्रालयिक कर्मचारियों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक (कार्मिक) एस. परिमला द्वारा जारी आदेशों के अनुसार इन अधिकारियों को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा स्वीकृत उत्कृष्टकृअति उत्कृष्ट सेवा पदक और डीजीपी डिस्क के साथ-साथ प्रशस्ति-रोल प्रदान किए जाएंगे। वहीं मंत्रालयिक वर्ग के कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र वितरित किए जाएंगे। समारोह में राजस्थान पुलिस के आला अधिकारियों को उनकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए नवाजा जाएगा। जिसमें डीजीपी एसीबी गोविन्द गुप्ता, एडीजी एस. सेंगाथिर, बिपिन कुमार पाण्डेय, आलोक कुमार वशिष्ठ, संयुक्त सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस), नई दिल्ली, लता मनोज कुमार, प्रफुल्ल कुमार, महानिरीक्षक पुलिस सीआईएसएफ नई दिल्ली नवज्योति गोगोई, विकास कुमार, अजयपाल लांबा, अंशुमन भोमिया, राहुल प्रकाश, अनिल कुमार टांक और डॉ रवि शामिल है। इसी सूची में उप महानिरीक्षक पुलिस अजय सिंह, प्रदीप मोहन शर्मा, दीपक भार्गव, विकास शर्मा, मनोज कुमार, आनन्द शर्मा, राजन दुष्यंत, शंकर दत्त शर्मा, पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी, डॉ दीपक यादव, उप सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, भारत सरकार, हर्ष वर्धन अग्रवाल, राजर्षि राज वर्मा, ज्येष्ठा मैत्रेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनस्वी चौधरी, सुनीता मीना और वित्तीय सलाहकार डॉ प्रीति शर्मा शामिल है। पुलिस विभाग की रीढ़ माने जाने वाले मंत्रालयिक संवर्ग के 16 अधिकारियों और कर्मचारियों को भी उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा-पत्र प्रदान किया जाएगा। जिसमें अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी अंजू शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, अजय सिंह जेफ, महेन्द्र सिंह सोलंकी, देवकिशोर, वरिष्ठ सहायक भगवत सिंह मीना, गिरीश पाल सिंह, नयन राणावत, विजय सिंह भाटी, द्रोपति स्वामी, भूपेन्द्र सिंह, गणेश राम बिजारनियाँ, कनिष्ठ सहायक सुमित गोदारा, सीता जाखड़, मोहित व्यास और राहुल यादव शामिल है। सम्मानित होने वाले सभी पुलिस अधिकारियों को 26 जनवरी को प्रातः 07:30 बजे उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। यह समारोह राजस्थान पुलिस की कार्यकुशलता और समर्पण का प्रतीक बनेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190